दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 18 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 30 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## आईएएस आरके सिंह बने मुख्यमंत्री के सचिव

**- गाजियाबाद, मुरादाबाद और कानपुर में वर्किंग से पाई खास पोस्टिंग**

**- बेहतर जनसुनवाई से लेकर सरकारी योजनाओं पर करते हैं फोकस**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार की रात आईएएस अधिकारियों की तबादला लिस्ट में कानपुर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को बीते दिनों पदोन्नति होने के बाद अब मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है। यह पोस्टिंग उनको उनकी बेस्ट वर्किंग की वजह से मिलना बताया जा रहा है। कानपुर के जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने बेहतर कार्य किया, तो सरकारी योजनाओं का पालन कराने के मामले में भी उनका प्रदेश में अच्छा रिकॉर्ड बताया जा रहा है। इससे पहले वह गाजियाबाद के जिलाधिकारी रहे हैं। यहां पर कई बड़े फैसले उनके द्वारा लिए गए। साथ ही उनके कार्यकाल में कई बड़ी योजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास भी हुआ। राकेश कुमार सिंह समस्याओं का हल कराने के लिए समय पाबंद रहने के साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी एक्टिव मोड में रहने वाले अधिकारी हैं। गाजियाबाद में उनकी वर्किंग की तारीफ अधिकारियों से लेकर और जनप्रतिनिधि भी करते हैं। तो वहीं वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वर्किंग स्टाइल पर काम करते हैं। उनको सीएम योगी की टीम में प्रमुख अधिकारी भी बताया जाता है।

### नोएडा और हापुड़ में भी करवाए हैं आरके सिंह ने महत्वपूर्ण कार्य

करंट क्राइम : मूलरूप से अयोध्या और पूर्व में फैजाबाद के रहने वाले आईएएस अधिकारी राकेश कुमार सिंह क्रिकेट खेल और किताब पढ़ने के शौकीन रहे हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्व दोनों ही जगह सर्विस दे चुके हैं। गाजियाबाद के साथ ही वह हापुड़ और नोएडा में भी कार्य रह चुके हैं। नोएडा में आरके सिंह यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी के सीईओ और हापुड़ में हापुड़ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे हैं। तो उन्होंने जिलाधिकारी कानपुर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं। आरके सिंह का मुरादाबाद में भी डीएम के पद पर चार साल का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। तो वही गाजियाबाद में भी उनकी पारी सफलताओं से भरी रही।

## दिल्ली चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी किया संकल्प पत्र

### महिलाओं को हर महीने देंगे 2500 रुपये

### सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने घोषणापत्र का पहला भाग जारी किया है, जिसमें महिलाओं के लिए विशेष घोषणाएं की गई हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है गारंटी का पूरा होना। मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। जो वादा किया था, वो पूरा किया। अब हमें संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ना है।

बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि यदि वह दिल्ली की सत्ता में आती है तो 'आप' सरकार के नेतृत्व वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को तो जारी रखेगी ही, साथ ही महिलाओं को 2,500 रुपये की सम्मान राशि भी देगी।

पार्टी ने विधानसभा चुनाव जीतने पर 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2,500 रुपये पेंशन की भी घोषणा की। दिल्ली स्थित प्रदेश बीजेपी ऑफिस में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र-1 जारी करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यह भी कहा कि सत्ता में आने पर मंत्रिमंडल की पहली बैठक में महिला समृद्धि योजना (2500 रुपये प्रति महीने) और आयुष्मान भारत योजना लागू करने को मंजूरी देगी।

जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली के लोगों को राज्य सरकार की तरफ से



पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य कवर भी दिया जाएगा। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाता है। जेपी नड्डा ने कहा, 'यानी कुल 10 लाख रुपये का हेल्थ कवर दिल्लीवासियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलेगा।

आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक को ह्यभ्रष्टाचार का अड्डा' और लोगों की आंखों में ह्यधूल झोंकने' वाला कार्यक्रम है और इसमें भ्रष्टाचार हुआ है।' उन्होंने दावा किया, 'मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी लैब टेस्ट हुए हैं और 300 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।

## आज चार्ज संभालेंगे गाजियाबाद के नवनियुक्त डीएम दीपक मीणा

**- मेरठ में वर्किंग रही दमदार, पैनी नजर रखते हैं अधिकारियों पर**

**- मूलरूप से राजस्थान के हैं निवासी**

**- अब तक चार जिलों में संभाल चुके हैं जिलाधिकारी वाली कमान**

**- मेरठ में खेल चुके हैं लंबी पारी, अब गाजियाबाद की बारी**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार की रात उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं। जिसमें 14 जिलों के जिलाधिकारी भी शामिल रहे हैं। जिसके बाद गाजियाबाद के जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को कृषि सचिव और राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद का निदेशक बनाया गया है। वहीं उनके स्थान पर गाजियाबाद जिले का नवनियुक्त जिलाधिकारी आईएएस दीपक मीणा को बनाया गया है। दीपक मीणा 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वह 2022 से मेरठ जिले की कमल संभाल रहे थे। बताया जा रहा है कि शनिवार को नवनियुक्त आईएएस अधिकारी दीपक मीणा गाजियाबाद का चार्ज संभाल सकते हैं। दीपक मीणा ने मेरठ में नौचंदी के मेले का सफल आयोजन किया था, तो वहीं वह कानून व्यवस्था के मामलों में भी पुलिस के अधिकारियों के साथ नजर आते रहे हैं। इसके साथ ही अधिकारियों पर पैनी नजर रखने को लेकर वह मीडिया के बीच अपनी पहचान रखते थे। वर्किंग स्टाइल के मामले में दीपक मीणा बेहद तेजतर्रार अधिकारियों में माने जाते हैं। यूपी कैडर के अधिकारी दीपक मीणा इससे पहले कई जिलों में जिलाधिकारी भी रह चुके हैं।



### अधिकारियों की जनसुनवाई पर रहती है नजर और मीडिया रिपोर्ट्स का लेते हैं संज्ञान

करंट क्राइम : यूपी कैडर के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा का बैच 2011 है। वह मूलरूप से राजस्थान के रहने वाले हैं और खड़कपुर आईआईटी व बीटेक इलेक्ट्रिक इंजीनियर की उन्होंने पढ़ाई की हुई है। इसके बाद टाटा स्टील में उनका प्लेसमेंट हुआ, जहां उन्होंने बड़ा पैकेज छोड़ते हुए सिविल सर्विसेस को चुना था। बताया जाता है कि दीपक मीणा जनसुनवाई करने वाले अधिकारियों पर नजर रखते हैं। उनकी शिकायत आने पर वह सीधे अधिकारियों को फोन कर मामला हल करने के निर्देश देते हैं। साथ ही दीपक मीणा मीडिया रिपोर्ट्स के मामलों को भी प्रमुखता से संज्ञान लेते हैं और अखबारों में छपने वाली खबर पढ़कर वह खुद भी कई बार पीड़ित और अधिकारियों को सीधे फोन लगाने का काम मेरठ में कर चुके हैं।

### गाजियाबाद रहेगा उनका चौथा जनपद

करंट क्राइम : डीएम के रूप में मेरठ उनका तीसरा जनपद रहा तो अब गाजियाबाद चौथा जिला रहेगा। 2011 बैच के आइएएस दीपक मीणा सिद्धार्थनगर के डीएम भी रह चुके हैं। साथ ही कई जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी रहने के बाद उन्हें सबसे पहले श्रावस्ती का डीएम बनाया गया था, सिद्धार्थनगर में उन्हें 8 जून 2019 को जिलाधिकारी के रूप में तैनात किया गया था। 2022 से वह मेरठ जिले की कमान संभाल रहे थे।

### पूरब से पश्चिम तक संभाल चुके हैं प्रभार

**करंट क्राइम :** आईएएस दीपक मीणा की 2011 से 2012 तक उनकी मसूरी में ट्रेनिंग हुई। उनको यूपी कैडर मिला, इसके बाद ट्रेनिंग के लिए वह अलीगढ़ भेजे गए थे। साल 2014 में उनको आजमगढ़ का जाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर पहली नियुक्ति मिली। फिर सहरानपुर और अलीगढ़ में भी वह जाइंट मजिस्ट्रेट रहे। 2014 में उनको बुलंदशहर का सीडीओ बनाया गया, कई जिलों में वह मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रहे हैं। साथ ही आईएएस दीपक मीणा श्रावस्ती जिले के जिलाधिकारी रह चुके हैं। यहां वह 2017 से 2019 तक डीएम रहे। इसके बाद उनको सिद्धार्थनगर का जिलाधिकारी बनाया गया। इसके बाद 2022 में वह मेरठ के डीएम बने थे, जहां अब तक इस पद पर कार्यरत थे। अब उनको गाजियाबाद जिले की कमान सौंपी गई है।

## आईएएस सीपी सिंह को बनाया गया मथुरा का जिलाधिकारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार की रात आईएएस अधिकारियों के बड़ी संख्या में तबादले हुए। तो इस कड़ी में बुलंदशहर के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह को नई जिम्मेदारी देते हुए मथुरा का जिलाधिकारी बनाया गया है। चंद्र प्रकाश सिंह उत्तर प्रदेश प्रशासनिक अधिकारियों में बेहद सक्रिय माने जाते हैं। बीते वर्ष उनका लखनऊ तबादला हुआ था लेकिन कुछ घंटे में ही वह निरस्त कर दिया गया। अब उनको नई जिम्मेदारी मथुरा की सौंपी गई है। आईएएस चंद्र प्रकाश सिंह गाजियाबाद में नगर आयुक्त भी रह चुके हैं।

### बुलंदशहर में खेल चुके हैं लंबी पारी

### गाजियाबाद में रहे चुके हैं नगर आयुक्त

### 2018 में जिला मजिस्ट्रेट का पद मिला

करंट क्राइम : चंद्र प्रकाश सिंह यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले हैं। उन्हें 5 नवंबर 2018 को जिला मजिस्ट्रेट का पद दिया गया था। वह बहुत मेहनती माने जाते हैं और अपनी प्रतिष्ठा को साफ रखने में कामयाब रहे हैं। इसी का इनाम उनको मथुरा में डीएम पद की तैनाती के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने अपनी इससे पूर्व की तैनाती बुलंदशहर को बहुत अच्छे से संभाला है। वह अपने पद की गरिमा बनाकर रखते हैं। रिश्वत का मामला हो या अतिक्रमण या कुछ जो अनैतिक हो, वह हमेशा अपने काम के लिए ईमानदार रहे हैं।

### दो साल रहे हैं गाजियाबाद में तैनात

करंट क्राइम : सीपी सिंह दो सालों तक गाजियाबाद नगर निगम में तैनात रहे थे। वह वर्ष 1994 कैडर के पीसीएस अफसर हैं। नगर आयुक्त इससे पहले मथुरा विकास प्राधिकरण में वीसी, मेरठ में सिटी मैजिस्ट्रेट सहित कई जिलों में तैनात रह चुके हैं। गाजियाबाद नगर निगम में तैनाती के दौरान स्वच्छ भारत मिशन 2018 में गाजियाबाद ने प्रदेश का नाम रोशन किया था, वह आईएएस 2012 के हैं।

## ज्ञापन देने के बाद आंदोलन की रणनीति पर काम करेगी कांग्रेस : विजय चौधरी

**- सरकार कराए अस्थायी रूप से चांदमारी झुग्गी निवासियों के लिये रहने-खाने की व्यवस्था**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर की चांदमारी झुग्गी-बस्ती में तीन दिन तक बुल्डोजर चला और यहां से झुग्गियों को हटाया गया। कांग्रेस ने इस कार्यवाही के खिलाफ मोर्चा खोला। उसके नेता मौके पर गए। कांग्रेस को शुक्रवार को इस संबंध में ज्ञापन देना था, लेकिन बताते हैं कि जिलाधिकारी का तबादला होने और अन्य किसी अधिकारी के नहीं मिलने की संभावित सोच के बाद अब कांग्रेस ने शनिवार यानी आज ज्ञापन देने का ऐलान किया है। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि शनिवार को हम रणनीति बनाएंगे और सोमवार को ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यही मांग है कि जिन झुग्गी वासियों को अचानक से बेघर किया गया है, उनके अस्थायी रूप से रहने और खाने की व्यवस्था सरकार को करनी है, प्रशासन को करनी है। विजय चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पहले ज्ञापन देगी और प्रशासनिक अधिकारियों का रुख देखेंगी। इसके बाद कांग्रेस आंदोलन की रणनीति पर काम करेगी।

## जारी है भगवा गढ़ में दो पावर सेंटर के बीच जंग

## आज लखनऊ में बैठेंगे क्षेत्रीय वाले प्रदेश वालों के संग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जो भगवा टोला गर्मी के मौसम में एकता की बात कर रहा था, एकजुटता दिखा रहा था। सर्दी का मौसम आते-आते वो एकता बिखर गई। पावर का करंट दोनों ही छोर पर बराबर है और कोई कुछ



कह नहीं रहा, लेकिन अब ये स्पष्ट हो गया है कि दोनों पावर सेंटर मंडल अध्यक्षों को लेकर तलवारे भांजते-भांजते महानगर अध्यक्ष वाले रण में आ गए हैं। एक पावर वाले टावर ने ये कहा था कि वो तटस्थ रहेंगे। संगठन नाम पूछेगा तो नाम दे देंगे, लेकिन दूसरी पावर सेंटर उन्हें जानता है। वो तर्क दे रहे हैं कि वो नाम नहीं देंगे बल्कि पूरा काम भी करेंगे। वो मंझे हुए नेता हैं और अपना दांव जरूर चलेंगे। इस दांव वाली संभावना ने ही दोनों छोर पर जंग की मुनादी कर दी है। सूत्र बताते हैं कि आज लखनऊ में बैठक होनी है और जब ये बैठक होगी तो इस बैठक में प्रदेश वालों के साथ क्षेत्रीय वाले बैठेंगे और यहां पावर सेंटरों की ताकतें एक बार फिर अपने-अपने नाम के लिये टकरायेंगे।

### उन्होंने कहा जरूर कोई भी बनें, लेकिन उनका 'कोई भी' स्वीकार नहीं

जब ये कहानी शुरू हुई तो पहले सेंटर ने ये कहा कि जनप्रतिनिधियों की दखल ही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन जिसे भी बना दे वही स्वीकार है और ये आवाज आई कि कोई भी बने वो पार्टी का ही होगा, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां 'कोई भी' पर ही मामला फंस गया। क्योंकि इधर वालों को उधर वालों का 'कोई भी' स्वीकार नहीं और उधर वालों को भी इधर वालों का 'कोई भी' स्वीकार नहीं है। सूत्र बताते हैं कि सबके अपने अपने दर्द हैं। एक जनप्रतिनिधि इस बात पर नाराज हुए कि तुमने उसका नाम क्यों दिया। तो दूसरे जनप्रतिनिधि का भी ये कहना था कि तुम्हें भी उसका नाम नहीं देना चाहिए था। ये 'कोई भी' और 'कोई भी' नहीं और 'इसके' और 'उसके' फेर में बड़े चेहरों में लखनऊ में डेरा डाल दिया।

### इसका-उसका के फेर में एंट्री ना ले ले कोई दूसरा

सूत्र बताते हैं कि गेम अब ओबीसी-वैश्य और त्यागी के बीच है। सबकी निगाहें इस बात पर है कि बड़े पावर सेंटर की चलती है या हैवी पावर सेंटर की चलती है। दोनों ही मंझे हुए खिलाड़ी हैं। बात ये नहीं है कि कौन अध्यक्ष बनेगा, बात यहां ये है कि अध्यक्ष किसके खेमे का बनेगा। कई चेहरे इस गेम से आउट हो चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि दोनों पावर सेंटरों की इसका और उसके के फेर में संगठन वालों का कोई दूसरा आ सकता है। कोई ऐसा नाम गेम में एंट्री ले सकता है जिसका जिक्र क्षेत्र और प्रदेश वालों में हो रहा है। अगर क्षेत्रीय वालों ने ये दूसरा नाम रख दिया तो फिर यहां मामला रोचक हो जाएगा। बताते हैं कि एक पक्ष ने जब ये कहा कि हम हार भी जाएं लेकिन दूसरे को नहीं आने देंगे, इस पर इधर वाले पक्ष ने भी कह दिया कि हमने भी अपने आने की इतना नहीं सोची है जितना हमने आपको हटाने की सोची है। फिलहाल रस्साकशी चल रही है, गेम घूम रहा है।

### जिले की धुरी पर आकर टिक गया महानगर का अध्यक्ष वाला गेम

अध्यक्ष पद के लिये जातीय संतुलन साधा गया है और यहां गेम की धुरी जिले पर आ गई है। जिले में आने वाला नाम महानगर में आने वाले नाम पर सीधा-सीधा असर डालेगा। बताया जाता है कि अगर जिले में वैश्य नाम आ गया तो फिर यहां ओबीसी-त्यागी का दांव पिट जाएगा और महानगर में वैश्य दांव पिट जाएगा। कुल मिलाकर सार ये है कि जिला जो भी बोलेगा उसके आधार पर महानगर बोलेगा। क्योंकि जो सूत्र महानगर के लिये लग रहा है वही सूत्र जिले में भी लग रहा है। यहां भी वैश्य-ओबीसी और त्यागी नामों की एंट्री हो गई है। अगर जिले में वैश्य नाम आ गया तो फिर महानगर में एक पावर सेंटर की जीत होगी और यदि जिले में वैश्य नाम नहीं आया तो फिर महानगर में दूसरे पावर सेंटर की जीत हो जाएगी। फिलहाल गेम रोचक मोड़ की ओर बढ़ रहा है। पावर सेंटर के बीच जंग जारी है।

## क्या लोनी कोतवाली के लिए नहीं आएगा नया आदेश

## कमिश्नरेट में है चर्चा क्या पुराने वाले संभालेंगे स्पेस




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चार थाना प्रभारियों के बदलाव वाली लिस्ट जारी की गई थी। इसमें लोनी से प्रभारी निरीक्षक को देहात जोन में भेजा गया है लेकिन लोनी थाने पर नई पोस्टिंग किसकी होगी या पुराने वाले निरीक्षक ही अब नई जिम्मेदारी संभाल लेंगे यह सस्पेंस अभी बना हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले



सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों लोनी में कई मामलों को लेकर मामला हाई लाइट हुआ था और फिर सत्ता वाले विधायक जी भी आक्रामक मोड में आ गए थे। बताया जा रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लिस्ट का उस मामले में इफेक्ट भी पड़ा होना बताया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चर्चा है कि लोनी के लिए कहीं कोई नया फेस तो कुर्सी वाली रेस में नहीं आ गया है।

### क्या अभी फिर बदलेंगे देहात में प्रभारी

करंट क्राइम : शुक्रवार को देहात जोन में चार निरीक्षक स्तर के थ्री-स्टार इधर से उधर किए गए हैं। तो वहीं 16 टू-स्टारों को भी नई तैनाती पर भेजा गया है। इसमें तमाम ऐसे टू-स्टार थे जो लंबे समय से लाइन पर थे। उनको लाइन वाली ड्यूटी पर गलाया जा रहा था। उनको अब दोबारा से फील्ड की पोस्टिंग दी गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चर्चा हो रही है कि कहीं देहात जोन को लेकर कोई नई लिस्ट ना आए। जिसमें लोनी के साथ ही एक और देहात वाले थाने को लेकर भी सूचना सामने आ सकती है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 18 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# विजयनगर चांदमारी की कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी खुलकर आई सामने

## सपा के महानगर और जिलाध्यक्ष ने बेघर हुए परिवारों से की मुलाकात और मदद की दिलाई आस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** विजय नगर चांदमारी में झुग्गी हटाने और बेघर करने के बाद बुलडोजर चलाने के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के पदाधिकारी अब इस मामले में खुलकर आगे आ गए हैं। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवारों के लोगों से मुलाकात की। इसके साथ ही दो दिन पूर्व 6 वर्षीय बेटी की मौत के मामले को लेकर भी समाजवादी पार्टी ने आक्रामक रूप अख्तियार कर लिया है।

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष सपा वीरेंद्र यादव एडवोकेट पदाधिकारियों के साथ विजयनगर की चांदमारी कॉलोनी पहुंचे और यहां पीड़ित और परेशान लोगों से मुलाकात की। साथ ही उनको मदद का आश्वासन देने के साथ ही शीर्ष पार्टी पदाधिकारियों तक उनकी समस्या पहुंचने का आश्वासन दिया गया है। पहले कांग्रेस ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था फिर सपा और कहा जा रहा है कि जल्द आजाद समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी भी इसमें उतर सकती है।

### लगातार समाजवादी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अतिक्रमण व बुलडोजर की कार्रवाई पर उठा रहे हैं सवाल







### जिलाध्यक्ष युवजन सभा ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पंडित जीतू शर्मा द्वारा विजयनगर में झुग्गी-झोपड़ी तोड़े जाने और सैकड़ो लोगों को बेघर किए जाने के मामले की निंदा की है। उन्होंने कहा जिस तरीके से एक बच्ची की मौत हो गई है, यह सत्ताधारी पार्टी और उनके जनप्रतिनिधियों के लिए बड़ी निंदनीय घटना है। जीतू ने लैटर जारी करते हुए कहा है कि गाजियाबाद में अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद एक बच्ची की जान चली गई जो दुखद है। उन्होंने कहा सरकार को कार्रवाई करनी थी, तो होनी चाहिए थी लेकिन नियमों का पालन कराए जाना चाहिए था। कार्रवाई में बच्ची की जान जाना बेहद शर्मनाक मामला है।

### सोशल मीडिया पर भी छड़ी हुई है वार

**करंट क्राइम :** विजय नगर में जिस तरीके से बड़ी संख्या में लोगों को बेघर किया गया है, उसकी निंदा और चर्चा सोशल मीडिया पर भी जमकर हो रही है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वाले जमकर सरकार और भाजपा नेताओं पर सवाल उठा रहे हैं। तो वहीं गुरुवार को कांग्रेस ने भी इस पूरे मामले को लेकर अपना प्रदर्शन और विरोध जाहिर किया था। साथ ही सरकार द्वारा बुलडोजर चलाने की कार्रवाई को संवेदनहीन बताया था।



### लगातार सपा नेता कार्रवाई पर खड़े कर रहे हैं सवाल


**करंट क्राइम :** विजयनगर की चांदमारी कॉलोनी में पुलिस-प्रशासन और नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर लगातार समाजवादी पार्टी सत्ताधारी पार्टी पर सवाल उठा रही है। साथ ही कहा जा रहा है कि इस ठंड में लोगों को बेघर करना ठीक नहीं है। तो वहीं कहना है कि सरकार ने मानवता की सारी हदें पार कर दी हैं। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमन यादव से लेकर छात्र सभा और महिला प्रकोष्ठ, अंबेडकर वाहिनी, यूथ ब्रिगेड सहित अन्य संगठन भी इस मामले को लेकर आगे आ गए हैं।



### जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने कहा यह गरीबों के साथ अन्याय है

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव विजय नगर की चांदमारी बस्ती में पहुंचे और उन्होंने यहां पीड़ितों से बातचीत की। कहा कि कड़कड़ाती ठंड में घर से बेघर हुए सैकड़ो लोगों को दूसरे स्थान पर कोई ना कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी मुख्यमंत्री योगी से मांग करती है कि वह जिला प्रशासन को पीड़ित लोगों की सुरक्षा, रहने-खाने के निर्देश दें ताकि लोग बेघर होने के बाद सड़क पर ना रहें और ठंड में परेशान ना होना पड़े। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा है कि जिस तरीके की यह बुलडोजर वाली कार्रवाई हुई है, यह उचित नहीं है। गरीब लोगों के लिए सरकार को सोचना चाहिए था, इन लोगों को कुछ समय दिया जाना चाहिए था। वहीं समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी इन पीड़ितों के साथ है। सरकार गरीबों का साया छीनने का काम कर रही है।

# बोले- विधायक संजीव शर्मा जब हो रही थी मुनादी, तब कहां थे कांग्रेसी और समाजवादी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजयनगर की चांदमारी जमीन पर कई दशकों से झुग्गी-बस्ती थी। समय-समय पर ये आरोप लगते रहते थे कि इन झुग्गी-बस्तियों में अवैध धंधा होता है और कई अपराधी यहां शरण लेते हैं। विधायक वाली शपथ लेने के बाद संजीव शर्मा ने चांदमारी की इस अवैध बस्ती को हटाने के लिये केंद्रीय राक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के समक्ष भी ये मामला रखा और फिर कई दशकों से यहां जमे झुग्गी वासियों को हटाया गया।

एक तरफ जहां संजीव शर्मा को लोग बधाई दे रहे हैं वहीं विपक्ष इस मामले पर हमलावर हो रहा है। वो अस्थायी निवास की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पहले बताया जाता तो कड़ाके की सर्दी में बेघर नहीं होते। शहर विधायक संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि जब यहां 15 दिन पहले मुनादी हुई थी और एक महीना पहले यहां बिजली काटी गई थी। प्रशासन लगातार यहां रहने वालों को मुनादी के जरिये सावधान कर रहा था, तब कांग्रेस और समाजवादी नेता कहां थे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यहां लगातार रिक्शा पर मुनादी की गई तब विपक्ष कहां था।

जब यहां नोटिस दिये गये तब इन लोगों ने क्यों ये जगह खाली नहीं की। शहर विधायक संजीव शर्मा ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि जब तीन दिन तक लगातार यहां कार्यवाही चली तो इन तीन दिनों में विपक्ष कहां था। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई और मुद्दा नहीं है और अगर बस्ती अवैध है तो फिर विपक्ष क्या चाहता है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता से उन्होंने वायदा किया था। क्षेत्र के लोग इस अवैध बस्ती से परेशान थे। उन्होंने कहा कि अभी तो मैं यहां रहने वाले लोगों की जांच भी कराऊंगा। ये सच्चाई भी सामने आएगी कि वे कौन लोग हैं जिन्होंने यहां इन लोगों को बसाया है। इस बात की भी जांच होगी कि इस बस्ती में रहने वाले लोगों के आधार कार्ड किसने बनवाए और यहां सेना की जमीन पर अवैध रूप से झुग्गी बनाने वाले को बिजली का कनेक्शन किसके कहने पर दिया गया। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मुझे जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना है और मैं जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने का प्रयास करता हूं। जिस अवैध बस्ती में नशाखोरी होती हो, अवैध धंधे होते हों, लोग तार जलाकर प्रदूषण फैलाते हों उस अवैध बस्ती की तरफदारी विपक्ष के कौन से नेता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता इस कार्यवाही से प्रसन्न हैं और अभी जब जांच होगी तो कई नाम सामने आएंगे जिन्होंने यहां लोगों को अवैध रूप से आधार कार्ड से लेकर बिजली के कनेक्शन तक उपलब्ध कराए।

# भगवा कमांडर को मिली है दिल्ली चुनावी रण में वो सीट

## जहां देनी है उन्हें आम आदमी पार्टी के मौजूदा विधायक को डिफीट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्यकर्ता ने भगवा कमांडर के नाम से मशहूर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं। वो ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिन्हें संगठन की रणनीतियां पता है। चुनाव लड़ने का अनुभव है, चुनाव लड़वाने का अनुभव है, चुनाव जीतने का अनुभव है, चुनाव जितवाने का अनुभव है। संगठन वाली कमान संभालते हुए उन्होंने अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री के रोड शो से लेकर मुख्यमंत्री का रोड शो सफलतापूर्वक संपन्न कराया। अब वो जनप्रतिनिधि भी हैं तो संगठन ने उनकी चुनावी ड्यूटी दिल्ली में मोतीनगर विधानसभा में लगाई है। संजीव शर्मा चुनावी रणनीति और भाषणकला दोनों में पारांगत हैं। उनकी ड्यूटी जिस विधानसभा में लगाई है जहां आम आदमी पार्टी के विधायक हैं और भाजपा ने यहां से दिवंगत नेता मदनलाल खुराना के पुत्र हरीश खुराना को मैदान में उतारा है। दैनिक करंट क्राइम ने दिल्ली की इस सीट से प्रवासी प्रभारी बनाए गए संजीव शर्मा से बात की। उनसे ये जाना कि वो इस सीट पर कौन सी रणनीति अपनाएंगे और वो इस चुनाव को किस नजरिये से देखते हैं।



संजीव शर्मा ने कहा कि ये सीट भाजपा की रनरअप सीट है। यहां भाजपा पिछले चुनाव में 15 हजार वोटों से हारी थी। इस बार यहां पार्टी ने हरीश खुराना को उम्मीदवार बनाया है। चुनावी रणनीति के हिसाब से संजीव शर्मा ने कहा कि यहां 168 बूथ सेवा बस्ती के हैं। ये कलस्टर एरिया है। उन्होंने कहा कि हमें जनता के बीच हैं और ये मेरा विश्वास है कि हम यहां चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि मैं प्रवासी प्रभारी के रूप में यहां काम कर रहा हूं। लगभग सभी बस्तियों में भी जा रहे हैं। संजीव शर्मा ने दावा किया कि भाजपा मोतीनगर सीट भी जीतेगी और भाजपा दिल्ली में सरकार भी बनाएगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों से झूठे वायदे करती है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने तीन वायदे किये थे। उन्होंने कहा था कि वो सरकारी गाड़ी नहीं लेंगे। वह सरकारी बंगला नहीं लेंगे और वह सरकारी सिक्योरिटी भी नहीं लेंगे, लेकिन अरविंद केजरीवाल के ये तीनों ही वायदे झूठे निकले। उन्होंने सरकारी आवास पर लग्जरी के लिये सरकार का पैसा खर्च किया। वो बड़े बंगले में गए। उन्होंने सरकारी गाड़ी भी ली और सरकारी सुरक्षा तो दो-दो प्रदेश से ली। उन्हें दिल्ली से भी सिक्योरिटी प्राप्त है और पंजाब से भी उन्हें सुरक्षा मिली हुई है।

संजीव शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने मध्यम वर्गीय जनता को परेशान किया है। वो झुग्गियों में फ्री बिजली दे रहे हैं, लेकिन मध्यम वर्ग के लिये 18 रुपए यूनिट बिजली मिल रही है। ये बोझ मिडिल क्लास पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अब अरविंद केजरीवाल के झूठ से परेशान हैं और दावा किया कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है।

# गाजियाबाद के नए डीएम बने दीपक मीणा

## इंद्र विक्रम सिंह को कृषि विभाग में सचिव की जिम्मेदारी मिली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 31 महीने गाजियाबाद के डीएम यूपी शासन ने 31 आईएएस अफसरों का ट्रांसफर कर दिया। इनमें 14 जिलों के जिलाधिकारी भी बदले गए हैं। दीपक मीणा को शासन ने गाजियाबाद का डीएम बनाया है, अभी तक मेरठ के जिलाधिकारी थे। डीएम दीपक मीणा की छवि जनता में मिलनसार व ईमानदारी छवि के रूप में जानी जाती है। मेरठ मंडल की कमिश्नर भी हटीं शासन ने मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. को मेरठ मंडल के कमिश्नर पद से हटा दिया है। उन्हें अब सचिव नियोजन एवं महानिदेशक अर्थ एवं संख्या की जिम्मेदारी दी है। गाजियाबाद के डीएम इंद्र विक्रम सिंह का दिसंबर माह में प्रमोशन हो गया था। वह मंडलायुक्त की दौड़ में थे, लेकिन उन्हें कृषि विभाग में सचिव की जिम्मेदारी मिली है।

### इंद्र विक्रम सिंह का हुआ है प्रमोशन



**करंट क्राइम।** इंद्र विक्रम सिंह का दो सप्ताह पहले ही प्रमोशन हुआ है। माना जा रहा था कि उन्हें किसी मंडल की जिम्मेदारी मिल सकती है। योगी सरकार में वह लंबे समय प्राइप पोस्टिंग पर रहे। जनता में उनकी एक मिलनसार छवि रही। जहां जन सुनवाई में लगातार ऑफिस में बैठकर सुनवाई कर उनका निस्तारण कराते। पुलिस अफसरों से भी उनका तालमेल रहा। लोकसभा चुनाव व गाजियाबाद में विधानसभा उप चुनाव को शांतिपूर्ण तरह से सम्पन्न कराया। 2024 में कांवड़ यात्रा को भी सकुशल संपन्न कराया।

### 31 महीने गाजियाबाद के डीएम रहे

**करंट क्राइम।** आईएएस अफसर इंद्र विक्रम सिंह ने जून 2022 में गाजियाबाद के डीएम का कार्यभार संभाला था। यूपी के फतेहपुर के रहने वाले इंद्र विक्रम सिंह को पीसीएस पास करने के बाद पहली पोस्टिंग अलीगढ़ में मिली। जहां वह एसडीएम रहे। दूसरी बार फिर उन्हें साल 2011 में अलीगढ़ डेवलपमेंट अथॉरिटी में सचिव के पद पर तैनाती मिली। वह पीसीए से प्रमोशन पाकर आईएएस बने। गाजियाबाद से पहले इंद्र विक्रम सिंह बलिया और शामली के भी डीएम रह चुके हैं।


# साहिबाबाद की सियासी पिच पर कैबिनेट मंत्री का एक और झोंका

## 19 जनवरी को पूर्वांचल समाज के साथ खाएंगे लिट्टी-चोखा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सबसे बड़ी विधानसभा में इन दिनों सबसे अधिक सियासी सक्रियता चल रही है। विधानसभा विधायक जब कैबिनेट मंत्री बने तो उनके पास पूरे यूपी का प्रभार आ गया और ये माना गया कि अब वो विधानसभा में उतना समय नहीं दे पाएंगे क्योंकि उन्हें पूरा प्रदेश देखना है, लेकिन यहां सियासी घटनाक्रम कुछ ऐसा हुआ कि कैबिनेट मंत्री ने विधानसभा के वार्ड तो छोड़ो बूथ और मंडल तक भी फोकस कर लिया। वो मंडल चुनाव में पूरी तरह सामने आए। वो दस में दस मंडल अध्यक्ष अपनी लिस्ट के बनवाकर लाए। सियासी बमबारी में उन्होंने पूरे इलाके को घेर लिया और कोई मौका अपना प्रतिद्वंदियों के लिये नहीं छोड़ा। अब वो राजनीतिक गतिविधियों के बाद सांस्कृति गतिविधियों को भी अपने पक्ष में कर रहे हैं। हालांकि यहां वो इन गतिविधियों में पहले से एक्टिव रहे हैं। उनके प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता है और वो धार्मिक-सांस्कृति गतिविधियों में एक्टिव भी रहते हैं और इन्वोल्व भी रहते हैं। अपने चेहरो को ऑब्लाइज भी करते हैं। अब कैबिनेट मंत्री ने अपने विधानसभा की सियासी पिच पर खुशबू और स्वाद का झोंका लाने की तैयारी की है। उन्हें के द्वारा सबको निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। वो पूर्वांचल समाज के सम्मानित लोगों के लिये लिट्टी-चोखा मिलन समारोह का आयोजन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सबको निमंत्रण देकर बुला रहे हैं और बता रहे हैं कि हमारे विधानसभा क्षेत्र साहिबाबाद में पूर्वांचल समाज के सम्मानितजनों के लिये एक लिट्टी-चोखा मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। 19 जनवरी को दोपहर 12 बजे राधा गोविंद वाटिका वसुंधरा सेक्टर-10 में होगा। कैबिनेट मंत्री अपनी विधानसभा में पूर्वांचल समाज के सम्मानितजनों के लिये लिट्टी-चोखा की दावत करने जा रहे हैं।







## संपादकीय

# शांति पर सहमति

इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान–मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जाएगा। इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की।

यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किए गए जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई उसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। उसके बाद गाजा पर की गई इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाए। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बनकर आई है।

हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अगर सहमति पर दोनों पक्ष कायम रहे और इस पर अमल शुरू हुआ तो भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इससे स्थायी शांति कायम हो ही जाएगी। पहले छह हफ्ते के युद्धविराम के दौरान जहां 33 बंधक छोड़े जाने हैं, वहीं स्थायी युद्धविराम की शर्तों पर बातचीत शुरू होनी है। आगे चलकर सारे बंधक छोड़े जाने की बात है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने जीवित हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में शासन की क्या और कैसी व्यवस्था होगी, यह भी तय होना बाकी है।

बहरहाल, यह सहमति शांति के लिए एक अच्छा मौका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया की तमाम शांतिकामी शक्तियां इस मौके को जाया नहीं होने देंगी।

## प्रजापिता ब्रह्मा की 56वीं पुण्य तिथि पर विशेष

# विश्व शांति, एकता व भाईचारे के अग्रदूत थे प्रजापिता ब्रह्मा


राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चक्रधारी

सन 1936 में प्रजापिता ब्रह्मा के जीवन में अद्भुत परिवर्तन हुआ। उन्हें धार्मिक स्थानों पर, निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव, सुंदर दैवी दुनियां और कुछ देवी–देवताओं का दिव्य साक्षात्कार हुआ। उससे प्रेरित होकर उन्होंने अपना सारा कारोबार समेट लिया, एवं मानव जीवन और संसार में सद्गुण, सत्चरित्र व दैवी संस्कारों की पुन: स्थापना करने के ईश्वरीय कार्य में अपने को पूर्ण रूप से समर्पित किया।

बदला न लो, बदल कर दिखाओ; निंदा हमारी जो करे, मित्र हमारा सोय; न दु:ख दो, न दु:ख लो; सुख दो, सुख लो; विकारों का दे दान तो दु:ख अशांति का छूटे ग्रहण; पवित्र बनो, राजयोगी बनो; अंतमुर्खी सदा सुखी, वाह्य मुखी, सदा दु:खी ....... आदि ईश्वरीय वरदानों के जीवन प्रेरक व उदाहरण मूरत प्रजापिता ब्रह्मा हमारे बीच में नहीं हैं। आज भी, उनके जीवंत और जगत कल्याणकारी महावाक्यों, धारणाएं, कर्तव्य और सेवाएं लाखों लोगों को श्रेष्ठ दशा व दिशा प्रदान कर रही हैं। ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साकार संस्थापक, प्रजापिता ब्रह्मा ने इस 'आंतरिक क्रान्ति से विश्व शांति' के आध्यात्मिक मार्ग पर, माताओं और कन्याओं को ही अग्रदूत बनाया है। नारी शिक्षा, नारी नेतृत्व व महिला सशक्तिकरण के द्वारा उन्होंने दुनियां में स्व–परिवर्तन से विश्व परिवर्तन का सहज मार्ग प्रशस्त किया है। यथार्थ भगवत गीता ज्ञान और सहज राजयोग को अपने और अनेकों के जीवन में उतार कर, पिताश्री ब्रह्मा ने जन जीवन वा समाज में मानवीय मूल्यों और दैवी गुणों को बढ़ावा दिया, तथा व्यक्ति और विश्व में नैतिक व आध्यात्मिक चरित्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है।

प्रजापिता ब्रह्मा का लौकिक नाम श्री लेखराज कृपलानी था। सन 1876 में, सिंध प्रांत के एक कुलीन ब्राह्मण परिवार में जन्मे श्री लेखराज ने युवा काल में अपनी अप्रतिम प्रतिभा व पुरुषार्थ से कोलकाता के प्रसिद्ध हीरे जवाहरात के व्यापारी बने। एक निपुण व्यापारी के साथ–साथ, वे धर्म व कर्तव्य परायण, निष्ठावान, परमात्म प्रेमी, दयावान एवं नि:स्वार्थ समाजसेवी थे।

सन 1936 में उनके जीवन में अद्भुत परिवर्तन हुआ। उन्हें धार्मिक स्थानों पर, निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव, सुंदर दैवी दुनियां और कुछ देवी–देवताओं का दिव्य साक्षात्कार हुआ। उससे प्रेरित होकर उन्होंने अपना सारा कारोबार समेट लिया, एवं मानव जीवन और संसार में सद्गुण, सत चरित्र व दैवी संस्कारों की पुन: स्थापना करने के ईश्वरीय कार्य में अपने को पूर्ण रूप से समर्पित किया।



अपने को व्यवसायिक कारोबार से मुक्त कर सिंध स्थित अपने घर पर सत्संग कराने लगे, और उसका नाम ओम मंडली रखा। रोज भगवत गीता का पाठ करते हुए, लोगों को वे भगवत गीता की सहज और सरल व्याख्या करने लगे। उनके सतसंग में, ओम ध्वनि के समय जिज्ञासुओं का मन, बुद्धि परमात्मा से सहज जुड़ने लगा और सब में सकारात्मक व सुखदाई परिवर्तन आने लगा। ओम मंडली में आने वाले ज्यादातर कन्याएं और माताएं ही थे। ब्रह्मा बाबा ने अपनी सारी चल वा अचल संपत्ति को इस ट्रस्ट के नाम कर दिया। उन्होंने सभी को रूहानी ज्ञान सुनाने के साथ परमात्म योग (ध्यान) द्वारा आंतरिक शक्तियों का विकास, दिव्य गुणों की धारणा और नि:स्वार्थ सेवा करना सिखाया तथा उनके जीवन व संस्कारों को सुखदाई बनाया।

प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा दिए गए ईश्वरीय ज्ञान, दिव्य दृष्टि, रूहानी शक्ति वा वरदानों को प्राप्त करने वाले अनुयायियों ने इस परमात्म ज्ञान व सहज राजयोग की विधि को सारे संसार में फैलाया, एवं लोगों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण किया। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के कुशल नेतृत्व में परमात्म संदेश पूरे भारत और विश्व में व्याप्त हुआ। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी संस्था को एक ऊंच श्रेणी के रूप में मान्यता दिया, तथा मानवीय मूल्यों, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सर्वांगीण विकास, विश्व शांति, एकता वा वैश्विक सदभावना आदि क्षेत्रों में ब्रह्मा कुमारी संस्था की पूर्ण सहयोग प्राप्त किया।

प्रजापिता ब्रह्मा ने 18 जनवरी 1969 को अपना नश्वर शरीर को त्यागा है, पर उनके के माध्यम से निराकार परमात्मा शिव ने जो आध्यात्मिक बीज बोया है, आज वह विकसित होकर एक विशाल वटवृक्ष के रूप में पूरे मानवता को आंतरिक सुख, शांति, प्रेम, पवित्रता, स्वच्छता व सुरक्षा की छाया दे रही है। ब्रह्मा कुमारी संस्था के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा की 56वीं पुण्य तिथि, 18 जनवरी को पूरे विश्व में सभी ब्रह्माकुमारीज सेवा केन्द्रों में 'विश्व शांति दिवस' के रूप में मनाई जाएगी।

# अप्रैल-दिसंबर में भारत का खाद्य वस्तुओं का निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 17.8 बिलियन डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल–दिसंबर अवधि के दौरान भारत के एग्रीकल्चर और प्रोसेस्ड फूड के निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई, जो 17.77 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ कमर्शियल इंटेलिजेंस एंड स्टैटिस्टिक्स (डीजीसीआईएस) के लेटेस्ट आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में चावल का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6.44 बिलियन डॉलर की तुलना में 19 प्रतिशत से अधिक की तीव्र वृद्धि के साथ 8.72 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। चावल का निर्यात दिसंबर 2023 में 0.87 बिलियन डॉलर से 64.03 प्रतिशत बढ़कर दिसंबर 2024 में 1.43 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। निर्यातकों को उम्मीद है कि मजबूत वैश्विक मांग के कारण 2024–25 के लिए चावल का निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। वित्त वर्ष 2024 में भारत ने 10.41 बिलियन डॉलर का चावल भेजा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की गिरावट थी। घरेलू बाजार में अनाज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा था, ताकि बढ़ती मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया जा सके, जो घरेलू बजट पर दबाव डाल रही थी।

# 2025-26 में सरकारी पूंजीगत खर्च और उपभोग में बढ़ोतरी से तेजी से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) का मानना है कि 2025–26 में बाहरी चुनौतियों के बावजूद सरकार पूंजीगत व्यय और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि से देश के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। फिक्की ने अपनी ताजा इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि सरकार का फोकस पूंजीगत खर्च पर है और यह वित्त वर्ष 2025–26 में विकास की गति को बढ़ाने में अहम भूमिक निभाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुनियादी ढांचे और इससे जुड़े क्षेत्रों जैसे सड़क, आवास, लॉजिस्टिक्स और रेलवे में निवेश से आर्थिक गति को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि कृषि क्षेत्र के अच्छे आउटलुक के कारण इस वर्ष ग्रामीण खपत में सुधार देखने को मिल सकता है। इससे उपभोग में इजाफा होगा। महंगाई में आने वाले समय में कमी देखने को मिल सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों को कम किया जा सकता है। इससे खपत को और बढ़ावा मिलेगा। इंडस्ट्री बॉडी ने अपने आउटलुक में आगे कहा कि इन सभी फैक्टर्स को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2025–26 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से लेकर 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया कि आगामी वित्त वर्ष में महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि भारतीय रिजर्व



बैंक (आरबीआई) के अनुमान के मुताबिक है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि संभावित यूएस–चीन व्यापार संघर्ष आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं और अल्पावधि में इनपुट लागत बढ़ा सकते हैं। हालांकि, अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि अमेरिका भारत के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाएगा। वहीं, चीन से बाहर जाते उद्योगों से भारत को लाभ होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, स्टारगेटेड औद्योगिक नीतियां और क्षेत्र–विशिष्ट रणनीतियां इन अवसरों को भुनाने के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। अमेरिकी कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ने से वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों कम होगी, जिसका फायदा भारत को मिलेगा। जोखिमों को दूर करने और अवसरों को अनलॉक करने के लिए रिपोर्ट में अर्थशास्त्रियों ने सिफारिश की है।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, आईटी शेयरों में हुई बिकवाली

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बड़ी बिकवाली देखने को मिली। बाजार के सभी बड़े सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 423.49 अंक या 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,619.33 और निफ्टी 108.60 अंक या 0.47 प्रतिशत फिसलकर 23,203.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी देखी गई।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 123.85 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 54,607.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 28.75 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 17,672.05 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, प्राइवेट बैंक और सर्विसेज इंडेक्स लाल निशान में और फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए थे। सेंसेक्स पैक में जोमैटो, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एलएंडटी, आईटीसी, सनफार्मा,



टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, मारुति सुजुकी और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे। वहीं, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,054 शेयर हरे निशान में, 1,888 शेयर लाल निशान में और 123 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे ने कहा कि निफ्टी पर पूरे कारोबारी सत्र में दबाव देखा गया। बाजार का सेंटीमेंट कमजोर बना हुआ है। इंडेक्स 23,400 के नीचे बना हुआ है और गिरावट की स्थिति में 23,000 एक मजबूत सपोर्ट है। अगर यह टूटता है तो बाजार में बड़ा करेक्शन देखने को मिल सकता है।

सुबह करीब 9.30 बजे सेंसेक्स 325.79 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,717.03 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 86.80 अंक या 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,225 पर कारोबार कर रहा था। एफआईआई ने 16 जनवरी को 4,341.95 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,928.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है। पृथ्वी की 3 परतें हैं।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकंड लगते है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था । मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।

## 2024 की चौथी तिमाही में 'ग्लोबल पीसी शिपमेंट' में 1.4 प्रतिशत की शानदार वृद्धि



**नई दिल्ली।** 2024 की चौथी तिमाही में ग्लोबल पीसी शिपमेंट 64.4 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया, जो 2023 की चौथी तिमाही से 1.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जानकारी गार्टनर की शुक्रवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई। शिपमेंट में निरंतर वृद्धि की यह लगातार पांचवीं तिमाही है। पीसी शिपमेंट 2024 में 245.3 मिलियन यूनिट तक पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान–पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच–समझकर करें।

**धनु:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों–बीच जा रहे थे
पहला– हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं
दूसरे– अरे, सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

भिखारी (एक सज्जन से)– साहब मैं अपने परिवार से बिछड़ गया हूं। मिलने के लिए 150 रुपये चाहिए।
सज्जन (भिखारी से)– कहां है तेरा परिवार..
भिखारी– जी वो मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

लड़का– पता है, बस में बैठते हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..
लड़की– तो फिर तुम क्या करते हो?
लड़का– मैं अपनी आंखें बंद कर लेता हूं।

## 18 01 2025 सेलेब्रिटी जन्मदिन

करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी मौजूद रहे। पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरूआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी और राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया।



### मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

### 34 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

# पेफी राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक क्षण ने शारीरिक शिक्षा और खेल जगत को गर्व और प्रेरणा से भर दिया, जब फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के राष्ट्रीय सचिव, डॉ. पीयूष जैन को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार द्वारा उन व्यक्तियों और संगठनों को दिया जाता है जो खेलों को प्रोत्साहन देने में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस गरिमामय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डॉ. पीयूष जैन को यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने पेफी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन खेलों को प्रोत्साहन देने और शारीरिक शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह पुरस्कार केवल डॉ. पीयूष जैन का ही नहीं, बल्कि पूरे शारीरिक शिक्षा और खेल समुदाय का सम्मान है। डॉ. जैन ने इस उपलब्धि को उन सभी शिक्षकों, छात्रों और समर्थकों को समर्पित किया जिन्होंने खेलों और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह पुरस्कार उन सभी के सहयोग और समर्पण का प्रमाण है जो भारत को खेलों में वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस पल को भारतीय खेल जगत के लिए प्रेरणादायक बताया और सभी से आग्रह किया कि वे खेलों के माध्यम से देश को गौरवान्वित करने के लिए मिलकर काम करें। पेफी के इस सम्मान ने शारीरिक शिक्षा और खेलों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। यह पुरस्कार भारत को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों का प्रतीक है। डॉ. जैन ने इस उपलब्धि को न केवल व्यक्तिगत गौरव का विषय बताया, बल्कि इसे देश के हर युवा के लिए प्रेरणा स्रोत माना। समारोह के बाद डॉ. जैन ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन का सबसे गौरवशाली क्षण है। उन्होंने खेलों के माध्यम से स्वस्थ और सशक्त समाज बनाने के अपने मिशन को दोहराया और कहा कि यह सम्मान उन्हें और उनके संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रेरित करेगा। इस पुरस्कार के साथ, पेफी और उसके नेतृत्व में कार्य कर रहे सभी सदस्य भारत में खेल और शारीरिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए उत्साह और जोश के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

# ओसाका के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद बेनसिक चौथे दौर में पहुंची

**मेलबर्न।** पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका के चोटिल होने के कारण तीसरे दौर के मैच से रिटायर होने के बाद बेलिंडा बेनसिक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया। ओसाका के हटने से पहले बेनसिक ने पहला सेट 7-6 (3) से जीता। अपनी बेटी बेला को जन्म देने के बाद से अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेल रही 27 वर्षीय बेनसिक 2023 यूएस ओपन के बाद से किसी मेजर में अपने पहले राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं। कोर्ट से बाहर निकलने से पहले, बेनसिक ने कैमरे के सामने एक भावपूर्ण संदेश लिखाः जल्दी ठीक हो जाओ, मां।" 2016 ओलंपिक चैंपियन का सामना चौथे दौर में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ या लेयला फर्नांडीज से होगा, क्योंकि वह 2021 यूएस ओपन के बाद से अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। 2022 मियामी ओपन के बाद से अपनी पहली भिड़ंत में, ओसाका ने मजबूत शुरूआत की, शुरूआती सेट में 5-3 की बढ़त बनाई। हालांकि, उसने स्पष्ट असुविधा को संभालने के लिए अपनी सर्विस मोशन को बदलना शुरू कर दिया।

ओसाका द्वारा मेडिकल टाइमआउट लेने से पहले बेनकिक ने ब्रेक बैक किया और सर्विस को बनाए रखा। इसके बाद बेनकिक ने एक शांत टाईब्रेक खेला, 57 मिनट के बाद इसे 7-3 से जीत लिया। ओसाका, जो स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रही थी, रिटायर होने का फैसला करने से पहले अपनी कुर्सी पर चली गई। जापानी स्टार ने ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक के फाइनल में पहुंचकर अपने 2025 सीजन की शुरूआत की थी, लेकिन



पेट की चोट के कारण फाइनल में रिटायर हो गई। यह ओसाका का लगातार तीसरा टूनार्मेंट रिटायरमेंट है, पीठ की चोट के बाद जिसने गॉफ के खिलाफ चाइना ओपन में अपने 2024 सीजन को समाप्त कर दिया। टूनार्मेंट की शुरूआत से पहले, ओसाका ने पेट की चोट के स्कैन के परिणाम शानदार नहीं होने के बावजूद सीजन-ओपनर ग्रैंड स्लैम में पहले दौर का मैच खेलने का विश्वास व्यक्त किया था। ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरूआत से पहले ओसाका ने कहा था, मैं आम तौर पर बहुत ईमानदार व्यक्ति हूं, लेकिन मैं शायद आपके सवाल का ईमानदारी से जवाब नहीं दूंगी। एमआरआई, यह शानदार नहीं था, लेकिन साथ ही यह बुरा भी नहीं था। मैं अपना मैच खेलने को लेकर काफी आशावादी हूं। मेरा मतलब है, मैं निश्चित रूप से अपना मैच खेलने जा रही हूं, और मैं यहां पिछले दो दिनों से काफी अच्छा अभ्यास कर रही हूं।

# बीसीसीआई ने जारी किए कठोर नियम

# पालन ना करने पर लग सकता है आईपीएल बैन



### लंबे दौरे पर परिवार के लिए सिर्फ दो हफ्ते

कोरोना के बाद लंबे दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की उपस्थिति बहुत सामान्य बात हो गई है, लेकिन बीसीसीआई ने इसे फोकस प्रभावित होने का एक 'संभावित कारण' माना है। नए गाइडलाइन के अनुसार, अगर कोई दौरा 45 दिनों का है तो खिलाड़ियों के पार्टनर और बच्चे (18 साल से कम उम्र के) 14 दिन से अधिक नहीं रुक सकते। परिवार लंबे दौरे पर सिर्फ एक बार ही आ सकता है, जिनके खर्चों का ख़्याल खिलाड़ी को ही रखना होगा। दौरों पर परिवार को ले जाने के लिए भी खिलाड़ी को कोच, कप्तान और बीसीसीआई के जनरल मैनेजर ऑपरेशंस से अनुमति लेनी होगी। डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि बीसीसीआई सिर्फ. शेयर्ड एकोमोडेशन की व्यवस्था करेगा, बाकी खर्चे खिलाड़ी को ही देने होंगे। इसके अलावा अगर कोई परिवार तय समय से अधिक रुकता है तो वह खर्चा भी खिलाड़ी ही देगा।

**मुंबई।** टीम में 'अनुशासन, एकता और सकारात्मक माहौल' को बढ़ावा देने के लिए बीसीसीआई ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए 10 बिंदुओं का एक गाइडलाइन डॉक्यूमेंट जारी किया है। इसका पालन ना करने पर बीसीसीआई ना सिर्फ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है, बल्कि उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट खत्म करते हुए उन पर आईपीएल और घरेलू क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध भी लगा सकता है। 'पालिसी डॉक्यूमेंट फॉर टीम इंडिया ' नामक यह डॉक्यूमेंट गुरूवार को खिलाड़ियों को भेजा गया, जिसमें पिछले सप्ताह हुई रिव्यू मीटिंग के सलाह शामिल हैं। यह मीटिंग न्यूजीलैंड सीरीज और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद बुलाई गयी थी, जिसमें टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा, मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर सहित बीसीसीआई के नए सचिव बने देवजीत सैकिया ने भी हिस्सा लिया था। दौरे, मैच और अभ्यास के लिए खिलाड़ी अलग से यात्रा नहीं कर सकेंगे मीटिंग में कहा गया कि कुछ खिलाड़ी मैच या अभ्यास के लिए टीम बस की जगह अपनी अलग से यात्रा करते हैं, जिससे टीम का अनुशासन भंग होता है। इसके अलावा यह भी कहा गया कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास सत्रों में ग्रुप के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, जिससे टीम का माहौल खराब होता है। बीसीसीआई ने कहा है कि अगर किसी खिलाड़ी को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में मैच या ट्रेनिंग के लिए अलग से यात्रा करनी है।

# ज्वेरेव ने बेकर के जर्मन रिकॉर्ड की बराबरी की

**मेलबर्न।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने लगातार तीसरी जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी शानदार प्रगति जारी रखी। जर्मन खिलाड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन के जैकब फर्नले को शुक्रवार को 6-3, 6-4, 6-4 से आसानी से हराया, जिससे उनका चौथे दौर का मुकाबला उगो हम्बर्ट और आर्थर फिल्स के बीच होने वाले ऑल-फ्रेंच मैचअप के विजेता से होगा। हालांकि ज्वेरेव ने इस पखवाड़े अपना परफेक्ट सेट रिकॉर्ड बनाए रखा, लेकिन टूनार्मेंट में पहली बार 23 वर्षीय फर्नले ने उन्हें तोड़ा। अपने अभियान की शुरूआत में 35 होल्ड के बाद, ज्वेरेव ने दूसरे और तीसरे सेट में एक बार सर्विस खो दी - हालांकि उन्होंने उन गेम को अपने दो ब्रेक के बीच में सैंडविच करके आगे निकल गए। ज्वेरेव ने फर्नले के बारे में कहा, ₹मुझे लगता है कि मेरे प्रतिद्वंद्वी ने आज अधिकतम प्रदर्शन करने का शानदार काम किया। वह बहुत आक्रामक था, काफी अच्छी वापसी



कर रहा था। मैं सीधे सेटों में जीत से खुश हूं। पिछले राउंड की तुलना में खेलने के लिए बहुत अधिक कठिन परिस्थितियां थीं। पहले कुछ मैचों में, वहां परफेक्ट परिस्थितियां थीं, बिल्कुल भी हवा नहीं थी। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, जोड़ी की पहली लेक्सस एटीपी हेड2हेड भिड़ंत में, ज्वेरेव ने 25 विनर्स लगाए और 17 में से 14 नेट पॉइंट जीते। छठी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचकर, ज्वेरेव ने जर्मन पुरुषों के लिए बोरिस बेकर के ओपन युग के रिकॉर्ड की बराबरी की। 21 ग्रैंड स्लैम चौथे दौर में कुल 21 बार पहुंचने के साथ, ज्वेरेव अब जर्मन पुरुषों में बेकर के 31 सबसे ज्यादा प्रदर्शनों से केवल पीछे हैं। 2020 और 2024 दोनों में मेलबर्न सेमीफाइनलिस्ट, ज्वेरेव इस पखवाड़े अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के लिए बोली लगा रहे हैं। दो बार के प्रमुख फाइनलिस्ट, वह 2020 यूएस ओपन और पिछले साल रौलां गैरो में गौरव के एक सेट के करीब पहुंच गए थे।

# भारत दौरे के लिए साकिब महमूद को मिला वीजा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद को भारत दौरे के लिए अंततः वीजा मिल गया है। अब वह शुक्रवार को अपनी टीम के साथ कोलकाता की यात्रा कर सकेंगे, जहां बुधवार को पहला टी 20 होना है। पाकिस्तानी मूल के महमूद के वीजा में देरी हो रही थी, जिसके कारण वह यूएई में लगे टीम के ट्रेनिंग कैंप का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि टीम के अन्य सदस्यों आदिल राशिद और रेहान अहमद को जल्दी ही वीजा मिल गया था।



2019 में जब इंग्लैंड लायंस की टीम भारत के दौरे पर थी, तब भी महमूद को ऐसी ही दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। 2024 में जब लंकाशायर की टीम एक प्री-सीजन कैंप के लिए भारत में थी, तब भी महमूद भारत नहीं आ पाए थे। वहीं ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को भी पिछले साल वीजा प्रक्रियाओं में देरी के कारण हैदराबाद के पहले टेस्ट से बाहर बैठना पड़ा था। महमूद को इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार जेम्स एंडरसन द्वारा अबु धाबी में चलाये जा रहे तेज गेंदबाजी कैंप का हिस्सा बनना था, जिसमें जोफ्रा आर्चर, गस ऐटकिंसन, ब्राइडन कार्स और मार्क वुड हिस्सा ले रहे थे। लेकिन भारतीय दूतावास में पासपोर्ट होने के कारण वह ऐसा नहीं कर पाए।

# अल्काराज धमाकेदार प्रदर्शन के साथ चौथे दौर में

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन से शीर्ष 11 में से पांच खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद, कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को मेलबर्न के मैदान में आगे बढ़ना जारी रखा। इस पखवाड़े पहली बार रॉड लेवर एरिना में खेलते हुए, स्पैनियार्ड ने टूनार्मेंट का अपना पहला सेट गंवाने के बावजूद नूनो बोर्गेस को 6-2, 6-4, 6-7(3), 6-2 से हराया। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, मुझे रॉड लेवर की कमी खली। मैं यहां एक बार फिर खेलकर वाकई बहुत खुश हूँ। मैंने यहां अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस दिखाने की कोशिश की। मेरे लिए, हर बार जब मैं इस कोर्ट पर उतरता हूं तो यह मेरे लिए खुशी की बात होती है... पिछली बार जब मैंने यहां खेला था तो मैं (2024 के क्वार्टर फाइनल में अलेक्जेंडर जेवरेव से) हार गया था, इसलिए मैं वास्तव में यहां खेलना चाहता था और रॉड लेवर में एक और जीत हासिल करना चाहता था। चार बार में दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले अल्काराज पुरुष एकल इतिहास में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। इस टूनार्मेंट में युवाओं का दबदबा



रहा है - जिसमें तीन युवा सितारे शीर्ष 10 विरोधियों को नॉकआउट कर रहे हैं - 21 वर्षीय अल्काराज 2008 में नोवाक जोकोविच (20) के बाद हार्ड-कोर्ट मेजर में सबसे कम उम्र के चैंपियन बन सकते हैं। शुरूआती गेम में ब्रेक ने दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी बोर्गेस के खिलाफ माहौल तैयार कर दिया, जिसमें अल्काराज ने शुरू से ही सर्विस पर दबदबा बनाए रखा। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, अल्काराज ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में सर्विस पर सिर्फ. छह अंक गंवाए, और अपने पहले 11 नेट पॉइंट में से नौ को कन्वर्ट भी किया।

बोर्गेस ने तीसरे सेट में प्रतिस्पर्धा जारी रखी, जो 4-3 के मैराथन होल्ड के दौरान जीवंत हो गया, जिसमें उन्होंने दो ब्रेक पॉइंट बचाए और एक रोमांचक एक्सचेंज जीता जिसमें अल्काराज ने बैकहैंड वॉली के लिए बाहर लेट गए। 5-6, 30/40 पर सेट पॉइंट पर मिस्ड रिटर्न का पछतावा करने के बावजूद, बोर्गेस ने टाई-ब्रेक में अनियमित अल्काराज के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और योग्य रूप से तीसरा सेट जीता। तुरंत ही बढ़त को रोकते हुए, अल्काराज ने चौथे सेट की शुरूआत करने के लिए दो लव होल्ड के बीच एक ब्रेक लिया। हाइलाइट-रील पॉइंट्स से भरे मैच में, अल्काराज ने लॉब को ट्रैक करने के बाद हुकिंग फोरहैंड पासिंग शॉट के साथ महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया।

# रोहित और विराट अपने रिटायरमेंट का फैसला खुद कर सकते हैं : संजय मांजरेकर

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर करारी हार और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के बाद, भारतीय क्रिकेट और विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स की ओरिजिनल पॉडकास्ट सीरीज डीप पॉइंट के ताजा एपिसोड में संजय मांजरेकर, संजय बांगर और दीप दासगुप्ता ने चर्चा की कि दोनों के लिए आगे क्या है। मांजरेकर ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि शर्मा को यह तय करने की स्वायत्तता होगी कि वह कब रिटायर होंगे, जब तक कि चयनकर्ता पहले उनसे आगे नहीं बढ़ जाते। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि भारतीय क्रिकेट में, तेंदुलकर ने अपना भविष्य तय किया और रोहित शर्मा अपना भविष्य तय करेंगे। रिटायरमेंट एक व्यक्तिगत निर्णय है - आप कितने समय तक खेलना चाहते हैं या आप कितना अधिक योगदान देना चाहते हैं, यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है। हालांकि,



आखिरकार, यह चयनकताओं पर भी निर्भर करता है - इस मामले में, अजीत अगरकर और उनकी टीम। दीप दासगुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि शर्मा और कोहली की तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि शर्मा को भारतीय क्रिकेट टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए कुछ खास चिंताओं का समाधान करना होगा। दासगुप्ता ने कहा, रोहित और विराट को एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। भारतीय क्रिकेट की पिछली पीढ़ी की तरह, जहां सचिन (तेंदुलकर) और राहुल (द्रविड़) अलग थे, आपको प्रत्येक खिलाड़ी का व्यक्तिगत रूप से मूल्यांकन करना होगा। रोहित के लिए, अगले पांच महीने मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

इन प्रारूपों में उनके प्रदर्शन का महत्व पता चलेगा। इसके अलावा, उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट फॉर्म, फिटनेस स्तर और चैंपियंस ट्रॉफी में प्रदर्शन जैसे कारक भी महत्वपूर्ण होंगे। अंतिम निर्णय चयनकताओं पर निर्भर करता है। आरसीबी के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर कोहली के भविष्य को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने उनकी असाधारण फिटनेस के कारण भारतीय टीम में कई और वर्षों तक उनके रहने का समर्थन किया है। बांगर ने कहा, मैं अभी भी उनका समर्थन कर रहा हूं।

36 (वर्ष) की उम्र में भी, वह पहले की तरह ही फिट हैं। उनकी फिटनेस का स्तर उल्लेखनीय है और मेरा मानना है कि वे उच्चतम स्तर पर खेलना जारी रख सकते हैं।" मांजरेकर ने सुझाव दिया कि कोहली को इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का एक सत्र खेलने पर विचार करना चाहिए ताकि वे अंग्रेजी परिस्थितियों में अपने टेस्ट खेल को बेहतर बना सकें, जैसा कि चेतेश्वर पुजारा ने किया है। मांजरेकर ने कहा, कोहली को बहुत सारा लाल गेंद वाला क्रिकेट खेलने की जरूरत है। इंग्लैंड में पहला टेस्ट जून में है, जबकि काउंटी चैंपियनशिप अप्रैल में शुरू होगी। वह पुजारा की तरह काउंटी टीम में शामिल हो सकते हैं और मूल्यवान मैच अभ्यास प्राप्त कर सकते हैं।

# अंडर-19 विश्व कप: हमारा लक्ष्य जीतना और खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करना है : निकी प्रसाद

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान निकी प्रसाद ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य 2025 अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप जीतना और 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीते गए खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करना है। भारत शनिवार को मलेशिया में शुरू हो रहे टूनार्मेंट में गत विजेता है, इससे पहले उसने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में पहला संस्करण जीता था। वे पिछले महीने मलेशिया में पहला अंडर-19 महिला एशिया कप जीतने के बाद भी इस टूनार्मेंट में शामिल हैं। निकी ने आईसीसी के एक बयान में कहा, हमारा लक्ष्य बहुत स्पष्ट है। इस टूनार्मेंट को जीतना और पिछले संस्करण में भारत द्वारा जीते गए खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करना। यह अंडर-19 महिला टी-20 विश्व



कप का पहला संस्करण भी था। हम यहां एक ऐसा क्रिकेट खेलने आए हैं, जो हमें ट्रॉफी जीतने और अपने देश और समर्थकों को गौरवान्वित करने में मदद करेगा।" 2023 के संस्करण में उपविजेता रही इंग्लैंड की टीम 2025 में एक कदम और आगे जाने की उम्मीद कर रही है। कप्तान अबी नॉरग्रेव ने कहा, एक टीम के रूप में, हम प्रतियोगिता के दौरान सकारात्मक इरादे के साथ खेलना चाहते हैं, साथ ही इस अनुभव का आनंद लेना चाहते हैं और जीतने के इरादे से हर अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं! 2023 के सेमीफाइनलिस्ट ऑस्ट्रेलिया ने टूनार्मेंट के दौरान उनके सामने आने वाली विभिन्न परिस्थितियों में सफल होने के लिए खुद को चुनौती दी है। कप्तान लूसी हैमिल्टन ने कहा, "इस साल, लड़कियों ने श्रीलंका और ब्रिस्बेन में दो अलग-अलग त्रिकोणीय श्रृंखलाओं में भाग लिया है। यह एक टीम के रूप में विकसित होने और विभिन्न चुनौतीपूर्ण वातावरण का अनुभव करने का एक शानदार अवसर था।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय देवी सिंह को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद राजकुमार सिंह तथा भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह के पिता देवी सिंह का निधन 6 जनवरी को हो गया था। शुक्रवार को उनकी शोक सभा गौतमबुद्ध नगर में आयोजित हुई। इस शोक सभा में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर स्वर्गीय देवी सिंह को श्रद्धांजलि दी।




## चार थ्री और 16 टू-स्टार पर हुई कृपा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात वाले जोन की एक लिस्ट आई है। जिसके बाद कई चेहरे खिल गए हैं और कुछ लाइन से नई पोस्टिंग भी पा गए हैं। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जो लिस्ट आई है इसमें चार थ्री और 16 टू-स्टार हैं जिनपर कृपा हुई है। इसमें से कई निरीक्षक अलग-अलग एसीपी ऑफिस और थाने के अतिरिक्त जिम्मेदारी पर भेजे गए हैं। तो वहीं 16 टू-स्टारों को भी नई तैनाती मिल गई है। कुछ को लाइन से सीधे चौकी और कार्यालय भेजा गया है। तो कुछ की चौकी अपग्रेड की गई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों उनकी लिस्ट तैयार की गई थी, जो जारी कर दी गई है। इसमें कई ऐसे हैं जो लंबे समय से लाइन में ड्यूटी दे रहे थे। अब वह क्षेत्र में काम संभालने का काम करेंगे। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसी तरीके से बीते दिनों सिटी जोन की भी एक लिस्ट आई। जिसमें कुछ बदलाव हुए थे, तो वहीं नदिया पार में भी बीते दिनों कुछ पर कृपा बरसाई गई थी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वर्ष 2025 में एक के बाद एक




छोटी-छोटी लिस्ट आ रही हैं। जिसमें टू-स्टारों और थ्री-स्टार के लिए नई जगह बन रही हैं। बीते दिनों चार थाना प्रभारी स्तर के चेहरे भी बदले गए थे। तो अभी देहात के एक थाने पर खाली स्थिति को लेकर चर्चा बनी हुई है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब 26 जनवरी के बाद ही कुछ बदलाव वाला सीन बनेगा। अब सभी जोन में सुरक्षा और अन्य इंतजामों को लेकर वर्किंग शुरू होनी है, इसीलिए सभी प्लेस भर दिए गए हैं ताकि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था और कुंभ ड्यूटी की वजह से कर्मचारियों की कमी वाला सीन देखने को ना मिले। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों जो लिस्ट आई हैं उसकी चर्चा कमिश्नरेट के कई कार्यालय में हो रही है। बताया जा रहा है कि अब वो थ्री-स्टार परेशान हैं जो लंबे समय से लाइन और साइड लाइन चल रहे हैं। उनको अब समझ आ रहा है कि या तो अपनी वर्किंग सुधारनी होगी या सेटिंग के लिए फिर से अपने स्तर पर तैयारी शुरू करनी होगी।

## महामंत्री पप्पू पहलवान ने सीवर की समस्या को लेकर की बैठक



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार को महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के द्वारा वार्ड 78 में आ रही सीवर की समस्या को लेकर सी ब्लॉक सीवर पंप महावीर पार्क नगर निगम पर जाकर मोहन नगर जोन के जोनल इंचार्ज के साथ बैठक की। उन्हें जल्दी ही इस समस्या का समाधान निकालने के लिए बोला गया।

काफी समय से निवासियों द्वारा शिकायत की जा रही है। नगर निगम द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही थी, जिसको ले कर शुक्रवार को महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान आरडब्ल्यू अध्यक्ष एवं निवासियों के साथ आए और समस्या के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम के बड़े अधिकारियों को बोला गया है। पप्पू पहलवान ने कहा कि दो दिन में निवासियों को आ रही इस समस्या का निवारण नहीं किया गया, तो निवासियों द्वारा बड़े अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद प्रत्याशी आशीष बंसल, डीएन कौल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, आरडी शर्मा, मनोज मिश्रा, केशव सक्सेना, राजीव गौर, सुभाष नागी, लेखराज चावड़ी, विप्लव झा, भूपेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र कुमार, आशा पवार, सुमन सती, प्रियंका सोलंकी, रूपा मुखर्जी आदि लोग उपस्थित रहे।

## अजय चौधरी को कांग्रेस पार्टी ने कस्तूरबा नगर सीट से कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस पार्टी ने कस्तूरबा नगर सीट, जो कि गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र है, के वरिष्ठ नेता अजय चौधरी को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। यह निर्णय अजय चौधरी की वर्षों की मेहनत, संगठनात्मक कौशल और जमीनी स्तर पर उनकी मजबूत पकड़ को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अजय चौधरी कांग्रेस पार्टी के एक अनुभवी और कद्दावर नेता हैं, जिन्होंने राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र और कई अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार की रणनीतियों में अहम भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने कई बार शानदार सफलताएं हासिल की हैं। वे न केवल चुनावी रणनीतियों के विशेषज्ञ हैं, बल्कि पार्टी के मूल सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने की अद्वितीय क्षमता भी रखते हैं। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पाकर अजय चौधरी ने पार्टी हाईकमान का धन्यवाद व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी को विजयी बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है। अजय चौधरी की यह नई भूमिका कस्तूरबा नगर में कांग्रेस पार्टी को एक मजबूत दिशा और गति प्रदान करेगी।

## चेकिंग के दौरान दो वाहन चोर गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। लोनी बार्डर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक चोर चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम गोकुल पुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चला रही थी कि इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आए पुलिस ने उन्हे चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने कुछ ही दूरी पर उन्हे धर दबोचा। पूछतांछ में दोनों शातिर वाहन चोर निकले जामा तलाशी में बाइक चोरी की निकली बाइक लालबाग चोरी की थी चोरों ने अपना नाम सलीम, तौहिद निवासी लक्ष्मी गार्डन लोनी बताया पुलिस ने बैधानिक कार्रवाई कर दोनों चोरों को जेल भेज दिया है।

## लाजपतनगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा का हुआ स्वागत





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार को लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा का स्वागत निशांत कौशिक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमोद राघव (पार्षद), एस पी सिंह, चरणजीत वासुदेव, माधव सूद, अशुतोष शर्मा (पूर्व पार्षद), आरती रंजन, शारदानंद गौड़, उमेश गुप्ता, मोहित शर्मा, राम जी झा, राकेश शाह, राजेश ठाकुर, संजय सिंह, कमलेश यादव, संतोष शर्मा, बी डी सिंह, विभोर विश्नोई, मनमोहन गौड़, के के दुबे, अंकुश चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## जयपुरिया मार्केट के व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार को इंदिरापुरम में जयपुरिया बिल्डर की मनमानी के चलते अवैध निर्माण, बिजली कटौती, गलत बिलों केविरोध में जयपुरिया मार्केट के व्यापरियों ने विरोध प्रदर्शन किया। बिल्डर को सोमवार तक का समय दिया, अन्यथा अनशन करने की चेतावनी दी। इस अवसर पर सोनवीर सिंह, अवधेश त्यागी, अजय अग्रवाल, तरुण शर्मा, हरमीत बक्शी, ओमवीर यादव, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र त्यागी, विनीत, शाकिब, गिरीश यादव आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों का छात्र-पुलिस अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम



मोदीनगर, करंट क्राइम। मुल्तानीमल मोदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 10 स्वयंसेवकों का समूह छात्र पुलिस अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम के द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया। इस समूह का नेतृत्व मुकुल शर्मा और शुभम ने किया। यह अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से समझने का अवसर प्रदान करेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ0 अमर सिंह कश्यप और प्राचार्य डॉ0 दीपक अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर बताया।

जहां वे पुलिस प्रशासन के कार्यों को करीब से समझकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

# ब्रिटेन ने बाल यौन शोषण के पीछे जातीयता और सांस्कृतिक कारणों की 'जांच' का दिया आदेश

**लंदन ।** ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में योजनाओं की रूपरेखा तैयार की, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे की कई प्रमुख जांचों में 'पाकिस्तानी विरासत गिरोह' शामिल हैं। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की तरफ से अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर ऐतिहासिक घोटाले से निपटने के ब्रिटेन के तरीके पर हमले के बाद से इस घोटाले की राष्ट्रीय जांच की बढ़ती मांगों के बीच, मंत्री ने संसद को बताया कि बाल यौन शोषण कार्यबल अपने द्वारा एकत्रित और प्रकाशित किए जाने वाले जातीयता डेटा का तुरंत विस्तार करेगा।



**कई प्रमुख जांचों में पाकिस्तानी विरासत गिरोह शामिल' :** यवेट कूपर ने सांसदों को बताया, 'कई प्रमुख जांचों में पाकिस्तानी विरासत गिरोह शामिल रहे हैं और पुलिस कार्यबल के साक्ष्य से यह भी पता चलता है कि कई अलग-अलग समुदायों और जातीयताओं में शोषण और दुर्व्यवहार हो रहा है। लेकिन अपराधियों और पीड़ितों दोनों की जातीयता पर डेटा अभी भी अपर्याप्त है'। उन्होंने कहा, 'इससे भी आगे जाने के लिए, मैंने बैरोनेस लुईस केसी से देश भर में गिरोह आधारित शोषण के वर्तमान पैमाने और प्रकृति की त्वरित ऑडिट की देखरेख करने और आगे के काम के लिए सिफारिशें करने के लिए कहा है... यह जातीयता डेटा और इसमें शामिल गिरोहों और उनके पीड़ितों की जनसांख्यिकी की उचित जांच करेगा और यह कई जातीय समूहों समेत इस प्रकार के अपराध के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक चालकों को देखेगा।' वहीं शैडो गृह सचिव, कंजर्वेटिव सांसद क्रिस फिलिप ने इस बात पर जोर देते हुए जवाब दिया कि अधिकारियों ने ऐतिहासिक रूप से बाल यौन शोषण से संबंधित जातीयता संबंधी डेटा को अनदेखा किया है या छुपाया है। फिलिप ने कहा, 'हजारों युवा लड़कियों, अक्सर अपनी शुरूआती किशोरावस्था में, पुरुषों के गिरोहों की तरफ से व्यवस्थित रूप से दुष्कर्म किया गया।

**ब्रिटेन सरकार ने बाल यौन शोषण के आधार पर बढ़ने वाले गिरोहों के पैमाने और प्रकृति की 'त्वरित जांच' का आदेश दिया है, जिसमें अपराधों के पीछे 'सांस्कृतिक और सामाजिक कारणों' का पता लगाने के लिए जातीयता डेटा की जांच भी शामिल है**

# इमरान खान और बुशरा बीबी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार, पूर्व पीएम को 14 तो पत्नी को सात साल की जेल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी करार दिया है। पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। अगर वे दोनों जुमार्ना नहीं भर पाते हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री को छह महीने और बुशरा को तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।





यह फैसला भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजक जनरल सरदार मुजफ्फर अब्बासी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की टीम मौजूद रही। इसके अलावा जेल में पूर्व पीएम इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबर, पीटीआई की बैरिस्टर गौहर खान, शोएब शाहीन, सलमान अकरम राजा और अन्य वकील मौजूद थे।

इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार रोधी अदालत के जज नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को ही इस मामले पर सुनवाई पूरी कर ली थी। इस मामले में पहले वे तीन बार फैसला टाल चुके हैं। फैसले का एलान होते ही पुलिस बुशरा बीबी को हिरासत में ले लिया। फैसले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्ट आचरण और अधिकार के दुरुपयोग का दोषी ठहराया गया है। जबकि बुशरा बीबी को अवैध गतिविधियों में शामिल होने का दोषी माना गया। न्यायाधीश ने अधिकारियों को अल-कादिर ट्रस्ट विवि को सरकार को सौंपने के निर्देश दिए।

# अमेरिका ने एच-1बी वीजा में आज से किए बड़े बदलाव

## एच-1बी वीजा ही दुनियाभर के कुशल पेशेवरों को अमेरिका में रहने और काम करने की सुविधा देगा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका ने शुक्रवार यानी 17 जनवरी से अपने एच-1बी वीजा प्रोग्राम में बड़े बदलाव किए हैं। भारतीय पेशेवरों को इस एच-1बी वीजा से बहुत फायदा मिलता है और इसकी वजह से ही लाखों भारतीय अमेरिका में काम कर रहे हैं। यकीनन इन बदलावों का भारतीय पेशेवरों पर भी असर पड़ेगा। अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अमेरिका की आव्रजन नीति में यह आखिरी सुधार है क्योंकि 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेने जा रहे हैं।





एच-1बी वीजा का संचालन यूनाइटेड स्टेट्स सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (वरउक्र) द्वारा किया जाता है। साल 2023 में अमेरिका ने जितने भी ल्-1इ वीजा जारी किए थे, उनका लाभ पाने वाले 70 प्रतिशत पेशेवर भारतीय ही थे। माना जा रहा है कि नए बदलावों से भारतीयों को फायदा मिल सकता है।

किसी संगठन द्वारा बड़ी संख्या में एच-1बी वीजा आवेदन न किए जाएं, इस पर रोक के लिए नियमों को बेहतर किया गया है ताकि सभी को मौके मिल सकें।

जो छात्र अमेरिका में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और अमेरिका में काम करना चाहते हैं, उनके एफ-1 वीजा को एच-1बी वीजा में बदलने की प्रक्रिया को आसान किया गया है।

नए नियमों के तहत विशेषज्ञ पेशे में बदलाव किए गए हैं। इनके तहत पात्र पदों को भरने के लिए स्नातक डिग्री की जरूरी होगी, लेकिन कुछ मामलों में इसमें छूट भी दी जा सकती है और अगर उनकी योग्यता नौकरी से संबंधित है तो बिना विशेषज्ञ डिग्री भी उन्हें प्राथमिकता दी जा सकती है।

यूएससीआईएस ने एच-1बी वीजा के बैकलॉग को खत्म करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रावधान किया है ताकि योग्य पेशेवरों को एच-1बी वीजा के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े।

बदलावों को नियोक्ता के लिए अधिक लचीला बनाया गया है और वे अपनी जरूरतों के हिसाब से विशिष्ट पेशेवरों की नियुक्ति कर सकेंगे। साथ ही कंपनी में हिस्सेदारी रखने वाले बिजनेसमैन भी अब एच-1बी वीजा के लिए स्वयं याचिका दायर कर सकेंगे।

नए नियमों के तहत एच-1बी वीजा धारकों का अचानक निरीक्षण भी हो सकेगा और अगर निरीक्षण में कुछ खामियां पाई गईं तो वीजा रद्द भी किया जा सकेगा। साथ ही अब एच-1बी वीजा के साथ एक नया अपडेट फॉर्म आई-129 भी भरना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य प्रक्रिया को आसान बनाना है।

# ट्रंप ने फिल्म स्टार मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को फिल्म अभिनेता जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलवेस्टर स्टेलोन को हॉलीवुड के लिए अपना विशेष राजदूत नियुक्त किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। ट्रंप ने ये भी लिखा कि हॉलीवुड मुश्किल समय से गुजर रहा है और ये तीनों उसका स्वर्ण युग वापस लेकर आएंगे।



### सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी जानकारी

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर साझा पोस्ट में लिखा कि 'ये मेरे लिए सम्मान की बात है कि जॉन वॉइट, मेल गिब्सन और सिलेवस्टर स्टेलोन, मुश्किलों से जूझ रहे, लेकिन महान हॉलीवुड के विशेष राजदूत होंगे। वे मेरे विशेष प्रतिनिधि के तौर पर सेवाएं देंगे और हॉलीवुड को फिर से मजबूत और बेहतर बनाएंगे।' ट्रंप ने ये भी लिखा कि 'हॉलीवुड बीते कई वर्षों में अपना काफी व्यापार खो चुका है।' ट्रंप ने लिखा कि 'ये तीनों लोग बहुत प्रतिभाशाली हैं और मेरे आंख और कान बनकर रहेंगे। जो भी वे सुझाव देंगे, उस पर अमल किया जाएगा। ये फिर से हॉलीवुड के स्वर्ण युग को वापस लाएंगे।' हाल ही में इन अहम पदों पर भी नियुक्ति का किया था एलान

इस महीने की शुरूआत में ट्रंप ने अपनी व्हाइट हाउस की टीम में भी कुछ अहम नियुक्तियों का एलान किया था इनमें स्टैनले ई वुडवार्ड को राष्ट्रपति का सहयोगी और विशेष अभियोजक, रॉबर्ट ग्रैबियल जूनियर को राष्ट्रपति के नीति मामलों का सलाहकार और निकोलस एफ लूना को रणनीतिक स्टाफ का डिप्टी चीफ नियुक्त करने का एलान किया था।

# इमरान की पार्टी आठ फरवरी को मनाएगी काला दिवस, आम चुनाव में धांधली का आरोप, बड़े प्रदर्शन की तैयारी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को काला दिवस मनाने का फैसला किया। पिछले साल पाकिस्तान में धांधली के आरोपों और इंटरनेट सेवा के बंद होने के बीच आठ फरवरी को 12वां राष्ट्रीय आम चुनाव हुआ था। चुनाव नतीजों में पीटीआई का दबदबा रहा, पार्टी के अधिकांश उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। हालांकि, पार्टी ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। पीटीआई के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम ने एक बयान जारी कर घोषणा की कि चुनाव की पहली बरसी को काला दिवस के रूप में मनाने की तैयारी शुरू कर दी है।



### काला दिवस मनाएगा पीटीआई

शेख वक्कास अकरम ने कहा, ₹नेशनल असेंबली (एमएनए) के सभी सदस्यों और प्रांतीय असेंबली (एमपीए) के सदस्यों को सत्ता हथियाने वालों को कड़ा संदेश देने के लिए पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में बड़े प्रदर्शन करने की तैयारी करने के लिए कहा गया।₹ उन्होंने बताया कि शहबाज शरीफ को उसी दिन पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनाया गया था जब अदालत उन्हें और उनके बेटे को भ्रष्टाचार के मामलों में सजा सुनाने वाली थी। इसके साथ ही उन्होंने अपने भाई और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ की घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए सौदे को आसान बनाया।

### अल कादीर ट्रस्ट केस पर दी प्रतिक्रिया

अल कादीर ट्रस्ट केस को लेकर शेख वक्कास अकरम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ₹पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को अदालत में राजनीति से प्रेरित मामलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई की मामले का नतीजा अलग नहीं होगा। इससे पहले 15 जनवरी को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक को किसी सौदे की पेशकश नहीं की गई है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि सरकार अभी तक इमरान खान के साथ कोई डील नहीं कर पाई है।

# शिक्षिका ने 13 साल के छात्र के साथ बनाए संबंध, फिर बनी उसके बेटे की मां

## अब पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में प्राथमिक विद्यालय की एक शिक्षिका की घिनौनी करतूत सामने आई है। शिक्षिका ने 13 साल के अपने छात्र के साथ शारीरिक संबंध बनाए। चार साल तक शिक्षिका छात्र के साथ रही। इस बीच उसने छात्र के बेटे को भी जन्म दिया। खुलासा तब हुआ जब छात्र के पिता ने एक फेसबुक पोस्ट पर बच्चे और अपने बेटे कुछ समानताएं पाईं। पुलिस ने शिक्षिका को बच्चे के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है।





अमेरिकी मीडिया के मुताबिक न्यू जर्सी के एक प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा की छात्रा लॉरा कैरन 2016 से 2020 तक अपने एक छात्र के साथ एक ही घर में रहती थी। इस दौरान उन्होंने छात्र के साथ अनुचित यौन संबंध बनाए। शिक्षिका कैरन छात्र और उसके भाई को पांचवीं कक्षा में पढ़ाती थी।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान छात्र के परिवार और शिक्षिका के बीच नजदीकी रिश्ते हो गए। इसके बाद छात्र के पिता ने उसे और उसकी बहन को शिक्षिका कैरन के घर रहने के लिए कहा। इसके बाद 2016 में दोनों स्थायी रूप से शिक्षिका के घर में रहने लगे।

# भारत-यूएस के बीच सहयोग की अभूतपूर्व संभावनाएं

## ट्रंप के पदभार से पहले बोले प्रसार भारती के पूर्व सीईओ

**वॉशिंगटन ।** भारत और अमेरिका के संबंध हाल के वर्षों में काफी मजबूत हुए हैं। अब जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप आगामी 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं, और पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल को शुरू हुए कुछ ही महीनों का वक्त गुजरा है, ऐसे में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेमपति का ये कहना है। अमेरिका के अखबार बाल्टीमोर सन में लिखे एक लेख में वेमपति ने कहा कि अमेरिकी नीति-निर्धारकों, नागरिकों को पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में हो रहे बदलाव को समझने की जरूरत है।



एडवांस्ड टेलीविजन सिस्टम्स कमेटी की बिजनेस एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य शशि शेखर वेमपति ने लिखा कि भारत और अमेरिका के आजादी और लोकतंत्र के साझा सिद्धांत हैं और दोनों देशों की चुनौतियां भी समान हैं, जैसे बोलने की आजादी, भ्रामक सूचनाओं से लड़ना और तकनीकी बेहतरी को बढ़ावा देना। वेमपति ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत डिजिटल समावेशन पर फोकस कर रहा है। भारत ने दुनिया को दिखाया है कि तकनीक लोकतांत्रिक ताकत के रूप में क्या कर सकती है। साल 2014 में सत्ता में आने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशासन को पुनःपरिभाषित किया है।

वेमपति के अनुसार, पीएम मोदी के डिजिटल इंडिया, यूपीआई और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क जैसी पहल से क्रांति आई है। पीएम मोदी का 2047 का रोडमैप भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने का है। भारत और अमेरिका मिलकर मीडिया को बेहतर करने, तकनीक और प्रशासन की बेहतरी के लिए काम कर सकते हैं।

# फ्रांस में यौन शोषण के आरोपों को लेकर अब्बे पियरे की बढ़ी मुश्किलें, न्यायिक जांच शुरू करने की मांग

**पेरिस ।** फ्रांसीसी चर्च ने औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि अभियोजक अब्बे पियरे के खिलाफ जांच शुरू करें। अब्बे पियरे एक समय के जाने-माने पादरी और मानवतावादी प्रतीक थे, जिनकी मृत्यु 2007 में हुई थी। उनके विरुद्ध यौन शोषण के नए खुलासे हुए हैं।



### सच्चाई की तह तक जाने की जरूरत

फ्रांसीसी बिशप्स कॉन्फ्रेंस (सीईएफ) के अध्यक्ष आर्कबिशप एरिक डी मौलिंस-ब्यूफोर्ट ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'हमें सच्चाई की तह तक जाने की जरूरत है। अपराध में अबतक सामने नहीं आए पीड़ितों, सहयोगियों और नाकामियों को उजागर करना चाहिए।

हेनरी ग्रूएस के रूप में पैदा हुए अब्बे पियरे को गरीबों के साथ उनके अथक परिश्रम और एम्मास आंदोलन की स्थापना के लिए जाना जाता था। बता दें, एम्मास, बेघर और हाशिए पर रहने वालों की सहायता करता है। हालांकि, अब उनकी विरासत पर दुर्व्यवहार के बढ़ते आरोपों की छाया पड़ रही है।


### नौ नए आरोपों का खुलासा

एम्मास द्वारा कमीशन की गई एक तीसरी रिपोर्ट से एक युवा लड़के के दुष्कर्म सहित यौन हिंसा के नौ नए आरोपों का पता चला है। इस नए खुलासे के बाद 1960 के दशक से 2000 तक हुई घटना में पियरे के खिलाफ 33 गवाह, 57 संभावित पीड़ितों की पहचान हुई है।

सीईएफ ने शुक्रवार को एक बयान भी जारी कर आरोपों की गंभीरता को उजागर किया और अपनी पिछली विफलताओं को स्वीकार किया। इसने दुरुपयोग की पूरी सीमा और किसी भी प्रणालीगत चुप्पी को उजागर करने के लिए न्यायिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

# लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही स्पेसएक्स का अंतरिक्षयान तबाह

**वॉशिंगटन ।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को झटका लगा है। दरअसल स्पेसएक्स ने गुरुवार सुबह अपने स्टारशिप रॉकेट को लॉन्च किया



था, लेकिन लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही अंतरिक्षयान का स्पेसएक्स से संपर्क टूट गया और तबाह होने के बाद अंतरिक्षयान का मलबा हवा में फैल गया। एलन मस्क ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा कि सफलता अनिश्चित है, लेकिन मनोरंजन की गारंटी है। कंपनी ने जारी किया बयान एलन मस्क की कंपनी ने कहा कि टेक्सास के बोका चिका से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही अंतरिक्ष यान के छह इंजन एक-एक करके बंद हो गए।

# लॉस एंजिलिस के बाद सबसे बड़े बैटरी स्टोरेज प्लांट में लगी आग, सैकड़ों को क्षेत्र खाली करने का आदेश

**वॉशिंगटन ।** इससे उत्तरी कैलिफोर्निया में राजमार्ग 1 का एक हिस्सा बंद कर दिया गया। साथ ही सैकड़ों लोगों को वहां से हटने का आदेश दिया। आसमान में उड़ता काला धुआं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आग की ऊंची लपटें और आसमान में उड़ता काला धुआं देखा गया। वहीं, देर रात तक भी आग के कम होने का कोई संकेत नहीं दिखा। करीब 1,500 लोगों को मॉस लैंडिंग और एल्खोर्न स्लो क्षेत्र छोड़ने का निर्देश दिया गया।



### सैन फ्रांसिस्को से लगभग 77 मील दूर

सैन फ्रांसिस्को से लगभग 77 मील (लगभग 124 किलोमीटर) दक्षिण में स्थित मॉस लैंडिंग पावर प्लांट का स्वामित्व टेक्सास की कंपनी विस्ट्रा एनर्जी के पास है। इसमें हजारों लिथियम बैटरियां हैं। ये बैटरियां सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली के भंडारण करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अगर इसमें आग लगती है तो इसे बुझाना बेहद मुश्किल हो सकता है।

मोंटेरी काउंटी के सुपरवाइजर ग्लेन चर्च ने कहा, 'इस पर कोई बात नहीं की जा सकती। यह एक आपदा है, यही सच है। हालांकि, उम्मीद नहीं थी कि आग कंक्रीट की इमारत से आगे तक फैल जाएगी।

**अमेरिका के कैलिफोर्निया के बुरे दिन चल रहे हैं। पहले लॉस एंजिलिस में लगी आग से हाहाकार मचा हुआ है। वहीं, अब दुनिया के सबसे बड़े बैटरी स्टोरेज प्लांट में गुरुवार दोपहर भीषण आग लग गई**

### पहले भी हो चुकी है घटना

मीडिया रिपोर्ट की माने तो साल 2021 और 2022 में विस्ट्रा प्लांट में आग लगी थी। यह फायर स्प्रिंकलर सिस्टम की खराबी के कारण लगी थी, जिसके परिणामस्वरूप कुछ इकाइयां गर्म हो गई थीं।

### फिलहाल आग लगने का कारण साफ नहीं

वहीं, गुरुवार दोपहर लगी आग के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। विस्ट्रा का कहना कि मामले का पता चलने के बाद, साइट पर सभी को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। आग बुझने के बाद जांच शुरू की जाएगी। विस्ट्रा के प्रवक्ता जेनी लियोन ने कहा, 'हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता समुदाय और हमारे कर्मियों की सुरक्षा है।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मतदाता दिवस को लेकर हुई बैठक





## मतदाताओं को जागरूक करने से ही आएंगे मतदान प्रतिशत में सकारात्मक सुधार : डीएम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और मतदाता सूची में बेहतर सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि यदि हम मतदाता सूची में बेहतर सुधार करेंगे और मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते रहेंगे तो जनपद के मतदान प्रतिशत में सकारात्मक सुधार आयेंगे। हमें जमीनी स्तर पर कार्य करना है और अपने–अपने ब्लॉक एवं क्षेत्र में कार्यरत बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों की मॉनीटरिंग करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश देने हैं, समयनुसार स्वयं भी जांच व निरीक्षण करना चाहिए। हमें मतदाताओं को सिर्फ मतदाता दिवस के दिन ही नहीं अपितु अन्य दिवस पर भी मतदान की महत्ता के प्रति जागरूक करना है। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/एल विवेक मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर मुख्य पावर सेंटर वालों ने सिर्फ दिया होता एक पुराने ओबीसी चेहरे का नाम, सच बता रहा हूं जो इतना रायता फैला है, वो बिल्कुल भी नहीं फैलता श्रीमान? पुराने वाले वैश्य चेहरे का सक्रियता को लेकर है बड़ा इतिहास? रोज करते हैं वो कुछ ना कुछ पार्टी के लिये काज? मगर उनके साथ में दूसरे वैश्य चेहरे को उतारकर बिगाड़ दिया बिगाड़ने वालों ने सारा गेम? नहीं तो आज पूरी पहलवानी से टॉप पर होता इस ओबीसी चेहरे का क्लेम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर अध्यक्ष कोई भी बने इस बात से फूल वाले महान मंत्री और मंडलधारी दलित चेहरों को नहीं पड़ रहा है फर्क? वो दे रहे हैं हर जगह पर अपने वाले तर्क? कह रहे हैं अध्यक्ष कोई भी बनें मेरी तो हर सूरत में होनी है नैया पार? मेरे नाम पर तो होगा हर लेवल पर विचार? जब भी वाल्मीकि ये कहते हैं शब्द तब उनको उनका किरदार लगता है बहुत जोरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार में जब से मजबूत हुई भगवा मैडम गुप्ता की पावर? तब से तैयार कर रही हैं वो अपनी मर्जी का टावर? सुना है जैसे ही उन्हें व्हॉट्सएप वाले ग्रुप में मिला एडमिन वाला किरदार? उन्होंने एडमिन बनते ही ग्रुप से एक दर्जन एडमिन कर दिये बेरोजगार? ले लिया सभी से वापस उनका ये वाला पद? दे दिया संदेश जितना हम तय करेंगे उतनी ही रहनी चाहिए आपकी हद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही नदिया पार में हैवीवेट वालों ने दिखा दी हो दस की पावर? मगर हम आपको बता रहे हैं एक बात? यहां पर पूरी पहलवानी से मजबूत है मिस्टर पहलवान का टावर? वो समाधान शक्ति वाली संस्था के बैनर पर पहले भी दे चुके हैं मजबूत पैगाम? उन्होंने इस संगठन के बैनर पर किये हैं बड़े–बड़े काम? इसलिए भले ही रह गए हों उनके चेहरे दस की पावर से दूर? मगर आज भी मिस्टर पहलवान में अपने संगठन के दम पर ताकत है भरपूर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूँ एक फायदे की बात? अगर आपको अपने किसी रोग को जड़ से खत्म कराना हो तो उसका अचूक बाण है हमारे पास? गाज़ियाबाद में बताए जाते है एक होमियोपैथी के बड़े डॉक्टर? जिन्हे बोला जाता है गर्ग साहब? सुना है वो रोग को जड़ से कर देते है खत्म? उनके इलाज के जल्द दिखाई देंगे परिणाम? थोड़ा थामो दिल की धड़कनों को, कुछ इंतजार तो करो सनम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा महानगर अध्यक्ष की स्टोरी से अब सीन से पूरी तरह गायब हो चुका है एक वैश्य चेहरे का नाम? अब ये नाम कौन सा है थोड़ा अपने दिमाग पर जोर तो लगाओ श्रीमान? ज्यादा खुल कर बताएँगे तो खामाखा टूट जाएगा किसी का दिल? दावेदारी की दौड़ में उनका मामला पूरी तरह से गया है हिल? खोल कर उनका नाम, हम तोड़ना नहीं चाहते है उनका दिल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूँ कल तक के अपडेट? फिर ये ना कहना की जानकारी मिलने में हो गए आप हमारी वजह से लेट? अध्यक्ष वाली दौड़ में अब टॉप पर आ गया है ओबीसी चेहरे का नाम? बस बाकी के ज़िलों की घोषणाओं के समीकरण ही इस नाम को प्रभावित कर सकते है? बाकी तो हो गया है इनका पूरा काम? वैसे भी ये ओबीसी चेहरे करते है सबकी केयर? इनका अंदाज रहता है निराला? ना काहू से दोस्ती, ना काहू से बेर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप ये मत सोचो कि भाजपा अध्यक्ष की रेस में सिर्फ रहना वाला है पुरुष चेहरों का मामला फिक्स? ताजा जानकारी मिली है कि इस जंग में कोई महिला चेहरा भी डाल सकती है ट्विस्ट? टॉप लेवल से प्रदेश लेवल तक आया है ये संदेश? प्रदेश में कम से कम पाँच महिला चेहरे बनाओ आप अध्यक्ष वाले फेस? इसलिए जिन बहनों ने दिया है गाज़ियाबाद में बायोडाटा, उनका कमजोर नहीं हुआ है बेस? वैसे भी देहात की जगह महिला चेहरे को कहीं से भी महानगर वाले एरिया से बनाया जाना है अध्यक्ष? इसलिए गाजियाबाद की कोई भगवा वीरांगना कर सकती है किसी भगवा वीर का किला कभी भी ध्वस्त?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इससे पहले देर हो जाये? आप हमारा पहुँचा दो भगवा अग्रवाल जी तक पैगाम? एक विधायक नहीं चाहते थे,इसलिए दूसरे विधायक ने नहीं लिया उचित चर्चा वाली जगह पर उनका नाम? दोनों विधायकों ने दिखाई यहाँ पर विधानसभा वाली एकजुटता? एक विधायक नहीं करना चाहते थे दूसरे विधायक को नाराज? इसलिए हो गया दोनों के पैनल में अग्रवाल जी का मामला खराब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से भगवा कमांडर के कहने पर हुई है विजय नगर के अतिक्रमण पर कार्रवाई? तब से लगातार उनको जगह जगह मिल रही सोशल मीडिया से लेकर फेस टू फेस बधाई? बधाई के समय भगवा कमांडर सामने वालों को तुरंत कर रहे है करेक्ट? कह रहे गर्ग साहब के साथ हमने मिलकर डाला है इस मामले में इफेक्ट? वो सभी से कर रहे है स्पष्ट? इस मामले में गर्ग साहब को ही माना जाना चाहिए फर्स्ट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# यशोदा अस्पताल के नए यूनिट का भूमि पूजन समारोह आयोजित

## कोयल एनक्लेव, भोपुरा दिल्ली/एनसीआर में बनेगा नया हॉस्पिटल

## लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की विशेष उपस्थिति रही







### अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय एवं कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया उद्घाटन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा अस्पताल ने शुक्रवार को कोयल एनक्लेव भोपुरा दिल्ली/एनसीआर में अपने नए अस्पताल के निर्माण के लिए भव्य भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय एवं कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया। यह समारोह हिंदू परंपरा के अनुसार किया गया, जिसमें पृथ्वी देवी की पूजा और आशीर्वाद लेने के लिए विशेष अनुष्ठान किए गए।

इस अवसर पर अस्पताल के अध्यक्ष डॉ दिनेश अरोरा, वाइस चेयरपर्सन डॉ. शशि अरोरा, प्रबंध निदेशक डॉ रजत अरोरा, निदेशक डॉ गौरी अग्रवालऔर अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। डॉ. रजत अरोरा ने कहा कि यह 500 बिस्तर का यशोदा अस्पताल कोयल एनक्लेव भोपुरा दिल्ली/एनसीआर एक तृतीयक देखभाल अस्पताल होगा। यह अस्पताल विभिन्न विशेषताओं में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा, जिनमें हृदय रोग, सीटी सर्जरी, न्यूरोसाइंस, कैंसर, लिवर, मल्टी-ऑर्गन ट्रांसप्लांट, हड्डी और जोड़, नेफ्रोलॉजी, रोबोटिक साइंस, स्पाइन सर्जरी, माता और बच्चा और प्रजनन शामिल हैं। यशोदा अस्पताल भोपुरा दिल्ली/एनसीआर का उद्देश्य इस क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है, और हमें विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। भूमि पूजन समारोह के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें वास्तु पुरुष, भूमि देवी और अन्य देवताओं की पूजा की गई। इसके अलावा, पवित्र जल से भूमि का अभिषेक किया गया और संकल्प लिया गया कि इस नए अस्पताल का निर्माण सफलतापूर्वक और शीघ्र होगा। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की विशेष उपस्थिति रही। इस समारोह के साथ ही, यशोदा अस्पताल भोपुरा दिल्ली/एनसीआर ने अपने नए अस्पताल के निर्माण की शुरूआत की है, जो कि इस क्षेत्र के लोगों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

# दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत से रचेगा इतिहास : विपिन गोयल

## दिल्ली में प्रचार की कमान गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग के हाथों में आने से होगा बड़ा परिवर्तन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सहसंयोजक व्यापार प्रकोष्ठ व्यापार मंडल गाजियाबाद विपिन गोयल ने कहा कि इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत से रचेगा इतिहास। भाजपा सरकार दिल्ली को लूट और भ्रष्टाचार से मुक्त करेगी उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस बार दिल्ली की कमान को अतुल गर्ग के हाथों में देकर उन पर विश्वास दिखाया है। दिल्ली की बदहाल स्थिति को भाजपा ही बदल सकती है। दिल्ली की जनता को आप के झूठे वादों और लूट से बचने के लिए भाजपा को जीत दिलवाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 वर्ष में विश्व में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठा के साथ शांति सुरक्षा एवं सम्मान और सद्भाव का संदेश दुनिया को दिया है। मोदी जी ने देश में गरीब किसान दलित एवं पिछड़े वर्ग सहित युवा एवं मातृशक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। व्यापार एवं स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा मिला है। निर्यात रक्षा संसाधन इंफ्रास्ट्रक्चर वायु सेवा रेल सेवा में प्रगति देखने को मिल रही है। आप सरकार की झूठ की नौटंकी जोरों पर है। यमुना दिन-ब-दिन मैली होती जा रही है। पीने के पानी एवं स्वच्छता का अभाव है। शराब नीति से नुकसान हुआ है। ऐसे समय में दिल्ली की जनता को दिल्ली को विश्व में श्रेष्ठ बनने के लिए भाजपा सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर विकास के पद पर आगे बढ़ना होगा।

# आस्था, संस्कृति और एकता का संगम है महाकुंभ पर्व : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक मेला नहीं है, बल्कि यह आस्था, संस्कृति और मानवता की एकता का एक अद्भुत संगम है। हर बार जब यह महाकुंभ आयोजित होता है, तो यह लाखों लोगों को एक साथ लाता है। यह एक ऐसा आयोजन है जो भारत की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक विविधता को दर्शाता है। मान्यता है कि संगम में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में विभिन्न संप्रदायों के साधु-संत एकत्र होते हैं और अपनी परंपराओं को प्रदर्शित करते हैं।

यह भारतीय संस्कृति की समृद्धि को दर्शाता है। महाकुंभ लोगों को एक साथ लाता है और सामाजिक बंधनों को मजबूत करता है। यह जाति, धर्म और क्षेत्र के भेदभाव को तोड़ने में मदद करता है। महाकुंभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है और रोजगार के अवसर पैदा करता है। महाकुंभ का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन शाही स्नान है, जिसमें लाखों लोग पवित्र नदी में स्नान करते हैं। महाकुंभ हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक अनमोल खजाना है। आने वाले समय में भी यह आयोजन अपनी प्रासंगिकता बनाए रखेगा।

# विधायक संजीव शर्मा का होना चाहिए नागरिक अभिनंदन : वीरेंद्र सारस्वत





## संजीव शर्मा ने दिखा दिया कि मन में संकल्प हो तो सब कुछ संभव है। यहां नशे के सौदागर सक्रिय थे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्रय विक्रय समिति चैयरमैन वीरेंद्र सारस्वत ने शहर विधायक संजीव शर्मा को लोकप्रिय विधायक बताते हुए कहा कि उनका होना चाहिए नागरिक अभिनंदन। अवैध झुग्गी बस्ती पूरे विजय नगर क्षेत्र का नासूर बनी हुई थी उसे शहर विधायक संजीव शर्मा ने हटवा कर लाइन पार क्षेत्र के लोगों को सुविधा दी है। वीरेंद्र सारस्वत ने कहा कि इतनी सरकारें आई ओर गई लेकिन किसी सरकार में ये अवैध झुग्गी बस्ती नहीं हटी। संजीव शर्मा वास्तव में बधाई के पात्र हैं जिन्होंने एक संकल्प के साथ काम किया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को साथ लिया और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और ये मुद्दा उठाया। संजीव शर्मा ने दिखा दिया कि मन में संकल्प हो तो सब कुछ संभव है। यहां नशे के सौदागर सक्रिय थे। लोगों से सरे राह यहां लूटपाट होती थी। पूरे विजय नगर क्षेत्र की जनता अपने लोकप्रिय विधायक का आभार व्यक्त कर रही है। ऐसे लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा का नागरिक अभिनंदन किया जाना चाहिए।

# 'श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल' का 23वां स्थापना दिवस 19 जनवरी को



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'श्री बांके बिहारी संकीर्तन मंडल' गाजियाबाद के 23वें स्थापना दिवस एवं पूज्य सद्गुरूदेव गौलोकवासी पं० श्याम सुन्दर शर्मा के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर 'श्री राधानाम संकीर्तन' का आयोजन रविवार, 19 जनवरी 2025 को शाम 5:00 बजे से, हिन्दी भवन सभागार लोहिया नगर में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में गौलोकवासी संकीर्तन सम्राट विनोद अग्रवाल के सुपुत्र जतिन विनोद अग्रवाल (मुम्बई वाले) गाजियाबाद में प्रथम बार भावपूर्ण रसमयी, आनन्दमयी श्री राधा नाम संकीर्तन की अमृत वर्षा करेंगे। गाजियाबाद एवं आसपास के सभी सम्मानित निवासियों से अनुरोध है कि उत्सव में पधार 'श्री राधा नाम रस संकीर्तन' का आनन्द लें।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हृदय नारायण खत्री, संजीव रहेजा, संस्था के संरक्षक प्रेमचंद गुप्ता, पवन जिंदल, राकेश बेदी, जोगेन्द्र सहगल एवं संजय रैना उपस्थित रहे।

# किसानों का जीडीए पर प्रदर्शन, 10 साल पुराने समझौते को लागू करने की मांग

## वेव सिटी के खिलाफ दी आंदोलन की चेतावनी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में किसानों और बिल्डरों के बीच का विवाद एक बार फिर गरमा गया है। मंगलवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के बाहर किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसानों ने वेव सिटी और सनसिटी बिल्डरों के खिलाफ नारेबाजी की। किसान संघर्ष समिति के आनंद गुर्जर के अनुसार, 2014 में वेव सिटी के साथ एक समझौता हुआ था, जिसमें जीडीए, प्रशासन और पुलिस भी मौजूद थे। इस समझौते में बिल्डरों ने किसानों की 14 सूत्रीय मांगों को स्वीकार किया था, जिनमें विकसित प्लॉट का आवंटन और मुआवजे की राशि में संशोधन प्रमुख थे। हालांकि, पिछले 10 वर्षों से यह मामला लटका हुआ है। किसानों को लगातार नई तारीखें दी जा रही हैं। 8 जनवरी को वेव सिटी के गेट पर महापंचायत के बाद उन्हें 17 जनवरी की तारीख दी गई थी। जब किसान 17 जनवरी को जीडीए पहुंचे, तो उन्हें फिर से 21 जनवरी की नई तारीख दे दी गई।

किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं और समझौते को लागू नहीं किया गया, तो वे बिल्डर कंपनियों को किसी भी तरह का निर्माण कार्य नहीं करने देंगे। यह विवाद उन किसानों से जुड़ा है, जिनकी जमीन वेव सिटी और सनसिटी प्रोजेक्ट्स में अधिग्रहीत की गई थी।

# दीवार से टकराई कार, एयरबैग खुलने से बची जान

## दीवार से टकराई कार, एयरबैग खुलने से बची जान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना कवि नगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। राजनगर सेक्टर 13 की सर्विस रोड पर एक होंडा अमेज कार कॉलोनी गेट के पास की दीवार से जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो लोगों की जान एयरबैग खुलने से बच गई। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, कार के मालिक विवेक और उनके साथी वीरपाल कार में सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे के दोनों एयरबैग तुरंत खुल गए, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। हालांकि, हादसे में वीरपाल घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल वीरपाल को तत्काल संयुक्त जिला अस्पताल संजय नगर में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह घटना सड़क सुरक्षा के लिए एयरबैग जैसी सुरक्षा सुविधाओं के महत्व को दशार्ती है।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति समेत 4 ससुरालियों पर केस दर्ज



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में दहेज के लिए एक विवाहिता की कथित हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 4 ससुरालियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बिजनौर निवासी खेमचंद की 23 वर्षीय बेटी शीतल की शादी करीब एक साल पहले बल्लूखेड़ा गांव के चिंटू के साथ हुई थी। पिता का आरोप है कि शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था और लगातार कैश और कार की मांग की जाती थी। इसी कारण उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। गुरुवार की देर रात आरोपी पति और उसके परिजनों ने शीतल की फांसी लगाकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही मायके वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दनकौर कोतवाली पुलिस ने मृतका के पति चिंटू, ससुर निरंजन, देवर शिवा और ननद कंचन के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद हिमांशु चौधरी का जन्मदिन उनके समर्थकों शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया। उनको फूलमालाओं, अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मान किया। सभी ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।